* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
03 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 134

6 हजार कर्मियों को भविष्य निधि लेखा संख्या का किया गया आवंटन



माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:55 शाम सोमवार
सेहरी 4:54 सुबह मंगलवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# हेमंत सरकार 2.0 का पहला बजट आज

- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर विधानसभा में पेश करेंगे बजट
- ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष फोकस रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन 2.0 सरकार को पहला बजट सोमवार को पेश होगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। 'अबुआ सरकार' के इस बजट से लोगों को कई उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार, इस बार बजट के आकार में सात से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जिससे इसका कुल आकार लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। पिछले पांच वर्षों के के दौरान हर बार बजट में वृद्धि दर्ज की गयी है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट 1,28,900 करोड़ रुपये था, जबकि इस साल इसे बढ़ा कर और भी व्यापक बनाया जा सकता है। इस बार सरकार ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है।

**महिला और बाल विकास को मिलेगा अधिक फंड :** इस बजट में नयी योजनाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महिला और बाल विकास विभाग के लिए अधिक धनराशि आवंटित की जा सकती है। खासतौर पर मंईयां सम्मान योजना के चलते इस विभाग को अतिरिक्त फंड मिलने की संभावना है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्ष 2001 में मात्र 32 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़ कर 4.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आगामी वित्त वर्ष में इसमें 9.5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

**क्या कहते हैं जानकार :** झारखंड की अर्थव्यवस्था के जानकारों का कहना है कि बजट बनानेवालों को आय और व्यय के बीच संतुलन कायम करना होगा। उनको आय बढ़ाने के बारे में सोचना होगा और खर्च कम करने के बारे में भी। ऐसा नहीं करने से घाटा बढ़ता जायेगा, जो कहीं से भी राज्य के हित में नहीं होगा। पंजाब, केरल जैसे राज्य इसके उदाहरण हैं। कुछ जानकारों का कहना है कि सरकार सरप्लस बजट बनाकर पैसा अपने पास जमा करके रखे, उससे बेहतर यह है कि पैसा जनता के पास ही छोड़ दिया जाये, क्योंकि अगर जनता के पास पैसा रहेगा, तो वह इसे खर्च करेगी। इससे बाजार में पैसा आयेगा।

**क्या कहते हैं वित्त मंत्री :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना है कि बजट का आकार बढ़ना राज्यहित में अच्छी बात है। झारखंड राज्य का निर्माण एक उद्देश्य के साथ हुआ है। इसलिए विकास के हर प्रक्षेत्र में हम कुछ करें, इसके लिए बजट का आकार बढ़ना उचित है। सबसे अच्छी बात यह है कि हेमंत सोरेन सरकार में योजनाओं और स्थापना पर अधिक खर्च करना चाहती है।



## स्वास्थ्य और शिक्षा में बड़ा निवेश

झारखंड सरकार ने बीते कुछ वर्षों में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में भारी निवेश किया है। स्वास्थ्य बजट 169.09 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,223 करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह शिक्षा बजट 915.36 करोड़ रुपये से बढ़कर 14,725 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। भारी निवेश का यह सिलसिला इस साल भी जारी रहने की संभावना है।

## चुनौतियां और आगे की योजनाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कह चुके हैं कि उनकी सरकार का लक्ष्य झारखंड को और अधिक सशक्त बनाना है। इसके लिए स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने पर जोर रहेगा। वहीं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जायेगा। बकौल सीएम, कृषि, पशुपालन, पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों पर फोकस किया जायेगा।

## पिछले पांच सालों में बजट का आकार

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 86,370 करोड़ रुपये |
| 2021-22 | 91,277 करोड़ रुपये |
| 2022-23 | 1,01,101 करोड़ रुपये |
| 2023-24 | 1,16,418 करोड़ रुपये |
| 2024-25 | 1,28,900 करोड़ रुपये |

# पीएम मोदी ने किये सोमनाथ के दर्शन

- प्रथम ज्योतिर्लिंग की विधिवत पूजा-अर्चना की
- गुजरात में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सौराष्ट्र में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग- सोमनाथ महादेव का दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री इससे पहले गुजरात के कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने महादेव के शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक भी किया। उन्होंने सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता भी की। इससे पहले प्रधानमंत्री तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के संबंध में जारी सूचना के मुताबिक वह गिर जिले में सासन गिर नेशनल पार्क भी जायेंगे और जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

सोमनाथ महादेव के दर्शन से पहले प्रधानमंत्री ने रविवार को रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा भी किया। तीन मार्च को प्रधानमंत्री गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लेकर अपने दिन की शुरुआत करेंगे। जंगल सफारी से लौटने के बाद पीएम मोदी वन्य जीवों के मुद्दे पर अहम बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। प्रधानमंत्री नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

## पीएम की बैठक में शामिल होंगे पलामू के प्रोफेसर

पलामू के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ डीएस श्रीवास्तव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एनबीडब्ल्यूएल की बैठक में शामिल होंगे। गिर नेशनल पार्क में होने वाली इस बैठक में वन्यजीवों के संरक्षण पर चर्चा होगी। बैठक में शामिल होने के लिए डॉ श्रीवास्तव रविवार को पलामू से रवाना हुए। बैठक में पलामू जिले की नेचर कंजर्वेशन सोसाइटी को भी आमंत्रित किया गया है। डॉ श्रीवास्तव इसके संस्थापक हैं। वह 70 के दशक से वन्य जीव संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं।

# टीपीसी रीजनल कमांडर आक्रमण गंझू गिरफ्तार

- 18 लाख का है इनामी, हथियार बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उग्रवादी संगठन टीपीसी के खिलाफ चतरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। झारखंड समेत अलग-अलग राज्यों में आतंक का पर्याय बन चुके इस संगठन के रीजनल कमांडर आक्रमण गंझू और उसकी पत्नी समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी विकास पांडेय ने रविवार को यह जानकारी दी। आक्रमण गंझू 18 लाख का इनामी है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने उग्रवादी सरगना को गिरफ्तार किया। वह संगठन का सेकेंड सुप्रीमो है। पुलिस ने रविंद्र उर्फ आक्रमण उर्फ ब्रह्मदेव उर्फ रामविनायक के पास से हथियार भी बरामद किये हैं। इनमें अमेरिकी राइफल, सात पिस्टल, पांच हजार राउंड कारतूस, हुंडई क्रेटा गाड़ी, विभिन्न कंपनियों के सात मोबाइल और डोंगल शामिल हैं। एसपी ने बताया कि आक्रमण के साथ उसकी पत्नी नीलम देवी, सहयोगी सचिन कुमार और अमृत गंझू को भी गिरफ्तार किया गया है। आक्रमण के खिलाफ झारखंड के अलग-अलग थानों में 70 से अधिक मामले दर्ज है। अलग-अलग राज्यों में भी उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। आक्रमण पर राज्य सरकार में 15 लाख और टेरर फंडिंग के मामले में एनआइए ने तीन लाख के इनाम की घोषणा की थी।

## न्यूज रील्स

### झारखंड सरकार के मुस्लिम कर्मियों को रमजान में शाम चार बजे छुट्टी

रांची। झारखंड सरकार ने अपने मुस्लिम कर्मियों को रमजान के महीने में प्रतिदिन शाम चार बजे से छुट्टी देने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही जुमे के दिन दोपहर में विशेष अनुमति मिलेगी। झारखंड सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि रमजान के दौरान हर दिन शाम चार बजे से मुस्लिम कर्मचारियों को ऑफिस छोड़ने की अनुमति होगी। इसके अलावा रमजान माह के दौरान हर शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक की विशेष अनुमति होगी। यह आदेश राज्यपाल और संयुक्त सचिव के हवाले से जारी किया गया है।

### पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच पर एफआइआर का आदेश

मुंबई। शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के मामले पूर्व सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मुंबई की एक विशेष भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोर्ट ने माधवी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। ठाणे स्थित पत्रकार सपन श्रीवास्तव द्वारा दायर याचिका पर विशेष न्यायाधीश एसइ बांगर ने यह आदेश जारी किया। कोर्ट ने एसीबी को 30 दिनों के भीतर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। शिकायत में सेबी अधिकारियों पर बाजार में हेरफेर करने और निर्धारित मानदंडों को पूरा न करने वाली कंपनी की लिस्टिंग की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है।

# संस्थापक दिवस आज

## जुबिली पार्क में लाइटिंग का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा समूह और जमशेदपुर के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा के जन्मदिन के मौके पर हर साल आयोजित होनेवाले संस्थापक दिवस समारोह के लिए जमशेदपुर तैयार है। जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर शहर के जुबिली पार्क में लगायी गयी लाइटिंग का रविवार को उद्घाटन किया गया। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर टाटा स्टील के एमडी सह सीइओ टीवी नरेंद्रन, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नू समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। शाम करीब सवा छह बजे जैसे ही टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बटन दबाया, वैसे ही अंधकार में डूबा जुबिली पार्क रोशन हो गया और चारों ओर उजाला ही उजाला हो गया। यहां एक से बढ़कर एक लाइटिंग का इंतजाम किया गया है। लोगों के लिए जुबिली पार्क की लाइटिंग को तीन मार्च को खोला जायेगा। तीन से पांच मार्च तक लोग लाइटिंग का आनंद ले सकेंगे। पार्क की लाइटिंग को देखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं।

इस मौके पर टाटा स्टील के सारे वीपी के अलावा जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यहां मीडिया से कोई भी बातचीत करने से मना किया और कहा कि वे यहां आकर खुशी महसूस कर रहे हैं।

## चमोली हादसा

### रेस्क्यू अभियान पूरा, लापता चारों श्रमिकों के शव मिले

**जोशीमठ (चमोली)।** चीन सीमा पर माणा के पास शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आये सभी लोगों को ढूंढ़ लिया गया है, जिसमें से 46 सुरक्षित हैं, जबकि आठ की मौत हो गयी। रविवार को लापता सभी चार श्रमिकों के शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिये हैं, जबकि चार श्रमिकों के शव शनिवार को बरामद हो गये थे। रविवार को एक अन्य घायल को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि एक घायल श्रमिक शनिवार को रेफर किया गया था। इसके साथ ही तीन दिनों से चला आ रहा रेस्क्यू अभियान भी समाप्त हो गया। बता दें कि माणा के पास शुक्रवार तड़के भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसकी चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गये थे। आइटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। शनिवार तक रेस्क्यू टीमों ने 46 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया था, जबकि चार श्रमिकों के शव बरामद हुए थे। उसके बाद लापता चल रहे चार अन्य श्रमिकों की खोजबीन के लिए रविवार को फिर तीनों रेस्क्यू टीमों ने सर्च अभियान चलाया। दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ।




# एमसीएल का कोल इंडिया के 50 वर्ष पूरे होने पर हाफ मैराथन

## पश्चिम बंगाल की लिली दास और उत्तर प्रदेश के प्रिंस कुमार क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कोल इंडिया लिमिटेड के 50 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए रविवार को बहुप्रतीक्षित कोल इंडिया भुवनेश्वर हाफ मैराथन का आयोजन किया। कलिंगा स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में 45.34 लाख रुपये की पुरस्कार राशि का वितरण किया गया। हाफ मैराथन में देश भर से पेशेवर मैराथन धावक, फिटनेस के प्रति उत्साही युवा और बुजुर्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों से पांच हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल की लिली दास और उत्तर प्रदेश के प्रिंस कुमार क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में समग्र विजेता रहे।



मौके पर डिप्टी सीएम प्रभाती परिडा, राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी, खेल और युवा सेवा मंत्री सूर्यबंसी सूरज, सांसद प्रदीप पुरोहित, विधायक अशोक मोहंती, विधायक ब्रज किशोर प्रधान, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, एमसीएल के सीएमडी उदय अनंत काओले, कोल इंडिया और एमसीएल के निदेशक और ओड़िशा के विभिन्न जिलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। ओलंपियन और भारतीय शटलर साइना नेहवाल इस आयोजन की राजदूत थीं। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल के प्रति अपने उल्लेखनीय समर्पण और जीवन में फिटनेस के महत्व से प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी दौड़, पांच किमी और 1.5 किमी फन रन सहित विभिन्न श्रेणियों की दौड़ में एकता और दृढ़ संकल्प की भावना का प्रदर्शन किया, जिससे यह अनुभवी एथलीटों और नये लोगों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक और मजेदार बन गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 79,500 रु./10 ग्राम
चांदी 97,000 रु./प्रति किलो



# 25 साल में 16 गुणा बड़ा हुआ झारखंड का बजट

## ■ आय के मुकाबले खर्च में 12 गुणा से अधिक की वृद्धि हो गयी

## ■ शुरू के तीन साल सरप्लस बजट रहा, बाद में घाटा बढ़ता गया

आजाद सिपाही विशेष

प्रकृति की गोद में बसा झारखंड देश का 28वां राज्य है। इसकी स्थापना बिहार से अलग होकर 15 नवंबर 2000 को हुई थी। प्राकृतिक संसाधनों से भरा यह राज्य जब बिहार से अलग हुआ, तो इसके कई सपने थे। सपना था एक विकसित और समृद्ध राज्य बनने का। आदिवासी बहुल इस राज्य ने सबके विकास का सपना देखा था। समय के साथ वह सपना टूटता चला गया। हालांकि शुरुआती दौर में झारखंड ने लगातार तीन वर्षों तक सरप्लस बजट देकर सबको चौंका दिया था, लेकिन बाद के सालों में स्थिति खराब होती चली गयी। झारखंड जब बिहार से अलग हुआ, तो चारों तरफ जश्न का माहौल था। लोग मांदर की थाप पर नाच रहे थे, गा रहे थे। इस छोटे से राज्य का बड़ा सपना 'अबुआ दिशुम, अबुआ राज' साकार हो गया था। अब बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी, शेख भिखारी और नीलांबर-पीतांबर का सपना सच करने की बारी थी। इस राज्य को विकसित राज्य बनाना था। इसके लिए जरूरत थी भारी भरकम बजट की। राजनीतिक अस्थिरता और बेलगाम भ्रष्टाचार ने झारखंड को सबसे निचले पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया था, क्योंकि यहां न वित्तीय प्रबंधन की तरफ किसी का ध्यान था और न किसी को अर्थव्यवस्था की चिंता। झारखंड की पहचान एक खनिज संपन्न प्रदेश के रूप में बन गयी थी, जहां केवल दोहन होता था। यही कारण था कि शुरुआती दौर के बाद झारखंड की अर्थव्यवस्था की गाड़ी बेपटरी होती चली गयी। इसलिए अब, जबकि राज्य का बजट पेश किया जानेवाला है, यह जानना दिलचस्प है कि साल 2000 में जब झारखंड राज्य बना, तब किस तरह का और कितने का बजट था। उसके बाद के सालों में सरकार ने कैसा बजट पेश किया और झारखंड का कितना विकास हो पाया। झारखंड की अर्थव्यवस्था की यह रोमांचक कहानी बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

साल 2000 में जब झारखंड अलग राज्य बना, तो इसके कई सपने थे। प्रचुर मात्रा में खनिज और औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण इसके विकास की पूरी संभावना थी। लेकिन यह इस राज्य की विडंबना ही रही कि इसके विकास को लेकर कोई रोड मैप तैयार नहीं हो सका। इसकी वजह से धनी होने के बावजूद यह पिछड़े राज्यों की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया। शुरुआती दौर में राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद इस राज्य ने लगातार तीन वर्षों तक सरप्लस बजट रखा। लेकिन कालांतर में विकास के नाम पर भारी-भरकम बजट का दौर शुरू हुआ, जो आज तक जारी है।

### शुरुआती बजट से 16 गुणा बड़ा हुआ बजट

अर्थव्यवस्था के जानकारों के अनुसार बजट आकार में वृद्धि विकास कार्यों के लिए आवश्यक है। लेकिन इसके आउटपुट पर किसी सरकार ने ध्यान नहीं दिया और साल दर साल बजट राशि बढ़ती चली गयी। आंकड़े बताते हैं कि 2001-02 में लाये गये पहले बजट की तुलना में 25 वर्षों में बजट का आकार 16 गुणा से अधिक बड़ा हुआ है, जबकि खर्च के मुकाबले आय में करीब 12 गुणा ही वृद्धि हुई है। पहले बजट में व्यय 7743.38 करोड़ का था, जबकि दूसरे साल 2002-03 में 23.92% वृद्धि के साथ 9595.85 करोड़ का व्यय निर्धारित किया गया था।

### झारखंड का कर्ज जीएसडीपी का करीब 30 प्रतिशत

चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार ने एक लाख 28 हजार 900 करोड़ का बजट पेश किया। यह 2023-24 की तुलना में 10.7% अधिक है। ऐसे में झारखंड सरकार अपनी जरूरत को कर्ज लेकर पूरा कर रही है। हालांकि आर्थिक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद यानी जीएसडीपी 2.7% है, जो अन्य राज्यों की तुलना में अच्छा है।

इसके बावजूद 2016-17 से 2022-23 के दौरान क्रमशः 9%,13% और 10% की औसत वार्षिक दर से राज्य का कर्ज बढ़ा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार यह जीएसडीपी का 30% (1,18,448 करोड़) के करीब है।

### स्वास्थ्य पर सरकार ने कितना दिया ध्यान

झारखंड के पहले बजट (वित्त वर्ष 2001-02) में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 169.09 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। यह बजट तत्कालीन वित्त मंत्री मृगेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा पेश किया गया था। इस बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, अस्पतालों के विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया था। हालांकि बाद के वर्षों में भी सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट को बढ़ाया। पिछले तीन बजट में हेमंत सोरेन सरकार ने स्वास्थ्य पर सात हजार करोड़ से अधिक का प्रवधान रखा है। हेमंत सोरेन सरकार ने 2021-22 में 7800 करोड़ रुपये का स्वास्थ्य बजट रखा। वहीं 2023-24 में 7040 करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया। वहीं, 2024-2025 में यह 7223 करोड़ रुपये रहा। साल 2025-26 के बजट के लिए उम्मीद की जा रही है कि स्वास्थ्य बजट को बढ़ाया जायेगा।



### शिक्षा पर कितना किया गया खर्च

झारखंड के गठन के बाद से शिक्षा क्षेत्र के बजट आवंटन में समय-समय पर वृद्धि हुई है। झारखंड के पहले बजट (2001-02) में शिक्षा क्षेत्र के लिए 915.36 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। उस बजट में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा के विकास पर भी जोर दिया गया था। बाद के वर्षों में इस बजट को और बढ़ाया गया। 2020-21 के बजट में शिक्षा व्यवस्था पर लगभग 11 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए शिक्षा क्षेत्र में 11,660.68 करोड़ रुपये आवंटित किये गये।

### उच्च और तकनीकी शिक्षा पर खर्च

झारखंड सरकार ने 2023-24 के बजट में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में 2,026.13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इस प्रकार कुल मिलाकर शिक्षा क्षेत्र के लिए 13,686.81 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया। इस बजट में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना जैसी नयी पहलों का समावेश किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। 2024-25 के बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल 14,725 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। यह आवंटन राज्य के कुल व्यय का 13.1% है, जो कि राष्ट्रीय औसत 14.7% से थोड़ा कम है।

### कैसा था 2024-25 का शिक्षा बजट

2024-25 के बजट में शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलों का प्रस्ताव था, जैसे कि 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन, 325 प्रखंड स्तरीय मिडिल स्कूलों का संचालन और 4036 पंचायत स्तरीय विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करना।

इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा में सुधार के लिए 19 नये कॉलेजों की स्थापना, जिसमें 15 डिग्री कॉलेज और चार महिला कॉलेज शामिल हैं, का लक्ष्य रखा गया था। इस प्रकार झारखंड सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए महत्वपूर्ण निवेश कर रही है।

### शिक्षा और स्वास्थ पर सरकार बढ़ सकती है आगे

2001 से 2024 तक झारखंड सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के बजट में काफी वृद्धि की है। जहां स्वास्थ्य बजट 169.09 करोड़ रुपये से बढ़कर 7223 करोड़ रुपये का हो गया, वहीं शिक्षा बजट 915.36 करोड़ रुपये से बढ़कर 14725 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इन दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार से राज्य के नागरिकों को काफी हद तक मदद मिली है।

हालांकि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में आज भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। उम्मीद की जा रही है कि 2025-26 के बजट में झारखंड को और मजबूत बनाने की कोशिश की जायेगी। इसके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा का लाभ राज्य के हर नागरिक तक पहुंचाने की कोशिश की जायेगी।

### जनसंख्या दबाव और विकास की भावी योजना

समय के साथ राज्य के लिए बढ़ रही जनसंख्या दबाव सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के मुताबिक झारखंड में शहरीकरण दर 24.05 प्रतिशत था, जो राष्ट्रीय औसत 31.01% से कम था। 2001 से 2011 के बीच 10 सालों में यह वृद्धि दर 32.4% थी। 2011 की जनगणना के अनुसार जिलावार शहरीकरण में सर्वाधिक धनबाद में 58% रहा था, जबकि सबसे नीचे पांच प्रतिशत गोड्डा में रहा। इन अवधि में राज्य के पांच जिले धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़ और रांची देश के औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे, जबकि गोड्डा, गढ़वा, चतरा, गुमला, दुमका, लातेहार, सिमडेगा और पाकुड़ जिले में शहरीकरण की दर 10% से भी कम थी।

### ग्रामीण क्षेत्रों पर रहेगा सरकार का फोकस

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीने को मजबूर हैं। सरकार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की किरण पहुंचाने की बड़ी चुनौती है। यही वजह है कि राज्य सरकार ने अपने आगामी बजट 2025-26 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर फोकस किया है। बजट में यह कोशिश की जा रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों को और मजबूत किया जा सके, ताकि वे झारखंड के विकास में योगदान दें। कृषि, पशुपालन, पेयजल, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखकर योजना बनाने का निर्णय लिया गया है।

### बजट घाटा को पाटने के लिए करना होगा प्रयास

विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को बजट आकार बढ़ाने के साथ राजस्व संग्रह पर भी ध्यान देना होगा। आय के नये स्रोत तलाशने होंगे। ऐसे में केंद्रीय मदद के अलावा राज्य सरकार अपने बलबूते योजना को संचालित करने का मास्टर प्लान बना रही है। हालांकि पिछले बजट से ही इसकी झलक दिखने लगी थी। 2019-20 में राज्य के अपने स्रोतों से कुल आय 31 हजार 524 करोड़ 20 लाख रुपये हुए थे।

चालू वित्तीय वर्ष में सरकार ने इसकी तुलना में 70% की वृद्धि करते हुए 53 हजार 500 करोड़ 43 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। सरकार का ध्यान पर्यटन और स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी है। 2025 -26 के वार्षिक बजट में इसकी झलक देखने को मिल सकती है। सरकार उत्पाद नीति निजी हाथों में दे सकती है। इससे करीब 5000 करोड़ मिलने की उम्मीद है।

### बजट में संतुलन पर ध्यान देना होगा

जानकार कहते हैं कि बजट बनाने वालों को निश्चित रूप से एक संतुलन कायम करना होगा। उनको आय के बारे में सोचना होगा और खर्च के बारे में भी। अगर सरकार आय के बारे में विचार नहीं करेगी और केवल व्यय करती जायेगी, तो इससे घाटा बढ़ता जायेगा। यह कहीं से भी राज्य के हित में नहीं होगा, क्योंकि उसमें ऋण का सूद भी बढ़ता जायेगा।

---

# मंईयां सम्मान योजना की लाभार्थियों को साइबर अपराधी कर रहे फोन

## प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना से लाभांन्वित महिलाएं जहां प्रसन्न हैं, वहीं साइबर अपराधियों की नजर भी इस योजना पर है। इस योजना के तहत ठगी के कई मामले सामने आ चुके हैं। मिली खबर के मुताबिक साइबर अपराधी महिलाओं को योजना का पैसा दिलाने के नाम पर ठगी के लिए फोन कर रहे हैं। हाल ही में 27 फरवरी को मंईयां सम्मान योजना और किसान समृद्धि योजना के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 12 आरोपियों को देवघर से गिरफ्तार किया गया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 17 मोबाइल फोन, 23 सिम कार्ड और 11 प्रतिबंधित टारगेटेड सिम जब्त किये।

**फर्जी कॉल से रहें सावधानः** साइबर अपराधी लाभार्थियों को फोन कर बैंक डिटेल्स और पैसे मांगते हैं। ध्यान रखें, योजना का लाभ लेने के लिए किसी भी तरह का भुगतान नहीं करना पड़ता। यदि कोई अज्ञात व्यक्ति फोन कर आपसे पैसे या बैंक जानकारी मांगता है, तो तुरंत सतर्क हो जायें और कोई भी जानकारी साझा न करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी स्पष्ट किया है कि योजना से जुड़ा कोई आधिकारिक फोन कॉल नहीं किया जाता। साइबर ठग व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से फर्जी लिंक भेजकर जाल में फंसाने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि ऐसा करते ही आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है।




### साइबर ठगी की तुरंत रिपोर्ट करें

अगर आपको कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज प्राप्त होता है, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। साइबर अपराध से संबंधित किसी भी सूचना को आप मोबाइल नंबर 9798302117 पर गुप्त रूप से साझा कर सकते हैं। इसके अलावा, यदि आप साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट पर जाकर रिपोर्ट दर्ज करायें। पुलिस आपकी पहचान गोपनीय रखेगी और उचित कार्रवाई करेगी।

---

झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग 2025

# सिमडेगा में हॉकी खिलाड़ियों का हुआ चयन ट्रायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय खेल प्राधिकरण (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) एवं हॉकी इंडिया के सहयोग से हॉकी झारखंड के द्वारा झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग 2025 सब जूनियर और जूनियर महिला का आयोजन 17 से 24 मार्च 2025 तक आयोजित है। इन दोनों वर्गों के प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला टीम की भागीदारी के लिए जिला टीम गठन हेतु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रविवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा में आयोजित हुआ। इसमें सब जूनियर वर्ग में 46 और जुनियर वर्ग में 25 कुल 71 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

ट्रायल के उपरांत जूनियर में 22 और सब जूनियर में 25 खिलाड़ी चयनित किये गये। इनका अभी 12 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के उपरांत बेस्ट 18 खिलाड़ियों को जिला टीम से निर्धारित प्रतियोगिता में खेलने का अवसर दिया जायेगा। चयन ट्रायल में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, कोच तारिणी कुमारी, करिश्मा परवार और कुनूल भेंगरा उपस्थित थीं।

---

# गिरिडीह के सरिया में नकाबपोश अपराधियों ने घर में डाका डाला

## आंखों के सामने उड़ा ले गये कैश और जेवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने एक घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया है। पांच की संख्या में पहुंचे नकाबपोश अपराधियों ने युवक को कब्जे में लेकर पौने दो लाख रुपये नकदी सहित जेवरात पर हाथ साफ किया है। घटना की सूचना मिलने पर रात में ही सरिया पुलिस मौके पर पहुंची।

घटना का जायजा लेने के बाद अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। शनिवार रात में थाना क्षेत्र के अछुआटांड निवासी जितेंद्र मंडल के घर में अचानक डकैत घुस गये। जितेंद्र मंडल ने जब लूटपाट का विरोध किया तब उसे अपने कब्जे में ले लिया। उसके साथ मारपीट भी की गयी और जब शोर मचाने की कोशिश की तब उसे जान से मारने की धमकी देकर उसे चुप करा दिया गया।



भुक्तभोगी जितेंद्र ने बताया कि घर में रखे 1 लाख 74 हजार नकद और जेवरात लेकर अपराधी फरार हो गये। सभी अपराधी नकाबपोश में थे, इस कारण किसी की पहचान नहीं हो सकी। घर में शादी होनी था, जिसके लिए यह पैसे जमाकर रखे हुए थे। मामले में एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस रात में ही घटनास्थल पहुंची। घटना का जायजा लेने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 33.3 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.52 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.10 बजे |



## जेएमएम महासचिव ने भाजपा पर साधा निशाना

# बिना नेता प्रतिपक्ष के विस में पेश होगा बजटः सुप्रियो

**बजट 'थ्री डी' होगा, जो राज्य के विकास, जनता के विश्वास और झारखंड को नयी दिशा देगा**

**बीजेपी अब तक नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पायी है, जिससे कई आयोगों और महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां रुकी हुई हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम के प्रवक्ता और महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 3 मार्च को राज्य का वार्षिक बजट पेश किया जायेगा, लेकिन अब तक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तय नहीं हुआ है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड का 24वां बजट पेश होने जा रहा है, लेकिन पहली बार ऐसा होगा जब विधानसभा में विपक्ष का नेता नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी संविधान पर हमला कर रही है और अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। उनका कहना था कि चुनाव में जनादेश मिलने के बावजूद बीजेपी अब तक नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पायी है, जिससे कई आयोगों और महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां रुकी हुई हैं।

जेएमएम नेता ने कहा कि बीजेपी को विपक्ष का नेता देना चाहिए, अन्यथा उसके विधायकों को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने इसे लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश करार दिया और कहा कि धीरे-धीरे पूरे सिस्टम को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि जब बजट पेश किया जायेगा, तो बीजेपी के कुछ नेता विधानसभा के बाहर बयानबाजी करेंगे, लेकिन सदन में चर्चा से बचेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह बजट 'थ्रीडी' होगा, जो राज्य के विकास, जनता के विश्वास और एक बेहतर झारखंड की दिशा में तैयार किया गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री का सीएजी रिपोर्ट को गलत बताना दुर्भाग्यपूर्णः सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक सरयू राय ने सीएजी के अंकेक्षण रिपोर्ट को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा गलत बताने को दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। जदयू विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार एवं घपले-घोटालों के पर्दाफाश का स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा बचाव किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले 5 सालों से स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का जो नंगा नाच हुआ है, उसके दोषियों पर कार्रवाई करने के बदले स्वास्थ्य मंत्री सीएजी रिपोर्ट को ही गलत बता रहे हैं।



**सीबीआइ जांच की होगी मांग :** उन्होंने आगे कहा कि यदि झारखंड सरकार और इसके स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य विभाग में विगत पांच सालों में हुए भ्रष्टाचार और घपले-घोटालों पर कार्रवाई करने के बदले इसका बचाव करेंगे, तो यह विषय न्यायपालिका में जायेगा। इसके बाद जिस तरह से चारा घोटाले में सीएजी की रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय के हस्तक्षेप से सीबीआइ जांच हुई, उसी तरह से स्वास्थ्य विभाग के इस भ्रष्टाचार की जांच भी सीबीआइ से कराने की मांग की जायेगी।

**जनस्वास्थ्य के प्रति है अपराधः** इस दौरान सरयू राय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में दवाओं की खरीद में अनियमितता, ऊंचे मूल्य पर दवाओं की खरीद करना, कम शक्ति वाली दवाओं की खरीदी और केंद्र सरकार से कोविड काल में मिले धन का मात्र 32 प्रतिशत ही खर्च करना और उसमें भी बंदरबांट करना, ये जनस्वास्थ्य के प्रति अपराध है।

### दोषियों को दंडित करना जरूरी

उन्होंने कहा कि सीएजी ने जिन बिंदुओं पर अपने अंकेक्षण प्रतिवेदन में संकेत किया है, वे बिंदु वास्तव में आपराधिक षड्यंत्र का हिस्सा हैं। इस षड्यंत्र में तत्कालीन मंत्री, तत्कालीन सचिव और जिलों में पदस्थापित सिविल सर्जन शामिल हैं। यह सरकारी निधि के दुरुपयोग और जनता के स्वास्थ्य के प्रति किया गया अपराध है, जिसके दोषियों को हर हालत में दंडित किया जाना जरूरी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।

**मिथुन** आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे, नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।

**कर्क** नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा.मानसिक शक्तियों में वृद्धि,मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे,परिवार में मांगलिक कार्य होगा। सगे-सम्बन्धियों का आवागमन बना रहेगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, सेहत में सुधार होगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।

**धनु** निराशा दूर होगी,बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। धन लाभ के अवसर बनेंगे,संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परन्तु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

# कैग रिपोर्ट पारदर्शी नहीं, झारखंड सरकार को बदनाम करने की कोशिश : कैलाश यादव

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोविड काल में काफी ऐतिहासिक और सराहनीय कार्य किया था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड में सीएजी द्वारा रिपोर्ट जारी कर बताया गया है कि कोविड आपदा के समय केंद्र सरकार से कुल राशि का सीमित हिस्सा ही राज्य सरकार द्वारा खर्च किया गया है, जिससे स्वास्थ व्यवस्था चरमरा गयी थी। सीएजी द्वारा यह कहना बिल्कुल निराधार है और पारदर्शी नहीं है जबकि सच्चाई यह है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोविड काल में काफी ऐतिहासिक और सराहनीय कार्य किया था। देश, विदेश में फंसे लोग व मजदूरों को हवाई जहाज और रेलवे से झारखंड लाने का काम किया। अपने राज्यों के अलावा दूसरे राज्यों को भी ऑक्सीजन सहित जरूरी उपकरण और दवाइयां मुहैया कर मदद करने का काम किया था।

उन्होंने कहा कि सोमवार को विधानसभा सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन का ऐतिहासिक आम बजट पेश किया जायेगा। निश्चित रूप से राज्य के चहुंमुखी विकास का स्वरूप पेश किया जायेगा। ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ, ऊर्जा, उद्योग, कौशल विकास के साथ युवाओं और महिलाओं व अन्य क्षेत्रों को सुदृढ़ बनाने पर विशेष फोकस रहेगा। कहा कि महागठबंधन सरकार 2 में काफी अच्छा काम हो रहा है। कई लाभार्थी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए जो जनता से वादा किया गया समयानुसार सब पूरे किये जा रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग को आइसीयू में पहुंचाने वाले कैग रिपोर्ट पर उठा रहे सवाल : अजय साह

**कैग रिपोर्ट की जांच करने के बजाये अपने विभागों की जांच करें स्वास्थ्य मंत्री**

**संविधान की दुहाई देने वाले संवैधानिक संस्थाओं पर उठा रहे हैं सवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हाल ही में जारी कैग रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर ने कहा था कि स्वतंत्र भारत में कैग प्रशासनिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी होगा और यह संस्थान लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की एक अटूट दीवार साबित होगा। वर्षों बाद यह बात सत्य सिद्ध हुई, जब 2012 में कैग ने यूपीए सरकार की सच्चाई जनता के सामने उजागर की।

अजय साह ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कैग रिपोर्ट की जांच कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत कैग को पूरे देश के खातों की जांच का अधिकार सौंपा गया है, लेकिन अब झारखंड में एक मंत्री ही इस संस्था की रिपोर्ट की जांच की मांग कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार के मंत्री खुद को संविधान से भी ऊपर समझने लगे हैं।

श्री साह ने आगे कहा कि कांग्रेस-जेएमएम के नेता समय के अनुसार संवैधानिक संस्थाओं का मूल्यांकन करते हैं। जब कोई फैसला उनके पक्ष में आता है, तो वे इसे लोकतंत्र की जीत बताते हैं, लेकिन जब फैसला उनके खिलाफ जाता है, तो वे इसे लोकतंत्र विरोधी करार देते हैं। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की यह प्रवृत्ति पहले चुनाव आयोग, फिर सुप्रीम कोर्ट और अब कैग तक पहुंच चुकी है।

श्री साह ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें कैग रिपोर्ट की जांच करने के बजाये अपने विभाग की जांच करनी चाहिए । उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड का स्वास्थ्य विभाग गंभीर संकट में है और मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री ने इसे आइसीयू में पहुंचा दिये हैं। कहीं ऐसा ना हो कि हमेशा विवादित बयान देने वाले मंत्री जी अपनी पार्टी और मुख्यमंत्री के लिए और सिर दर्द बन जायें ।

## अरगोड़ा में पंच मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव 6 को

**रांची (आजाद सिपाही)। अरगोड़ा के पीपरटोली आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर में 6 मार्च को पहले वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मंदिर संचालन समिति के मुख्य संरक्षक बीरेंद्र साहू ने रविवार को इस आयोजन की जानकारी दी। मुख्य प्रधान पुजारी पंडित रवि पांडेय और पंच मंदिर तारा नगर के पुजारी पंडित रवि शंकर पांडेय अन्य पुजारियों के साथ सुबह 9 बजे कलश और वेदी पूजन से पूजा की शुरूआत करेंगे। इसके बाद, सुबह 11 बजे महा स्नान, शृंखला पूजन, मंत्रोच्चारण, महाआरती और हवन होगा, जिसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। दोपहर 3 बजे से रांची के प्रसिद्ध ब्राह्मण जागरण दल द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ की संगीतमय प्रस्तुति होगी। संध्या 6 बजे से रात 10 बजे तक भक्ति संगीत की वर्षा होगी। इस आयोजन की सफलता में मंदिर संचालन समिति के सदस्य चितरंजन प्रसाद, छोटन सिंह, जयलाल चौधरी, विवेक कुमार और अध्यक्ष सुबोध कुमार सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।**

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचायेंः केशव महतो कमलेश

**संगठन और सरकार के समन्वय से ही राज्य का विकास होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सरकार और संगठन में समन्वय के लिए लगातार जूम मीटिंग कर रहे हैं ताकि संगठन और सरकार के तालमेल से सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद जनता को समय पर पहुंचाया जा सके। नेताद्वय कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ क्रमशः जूम मीटिंग कर विभाग के योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की पूरी योजना का रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रभारी के राजू के 6 मार्च के झारखंड आगमन को लेकर सभी बोर्ड निगम के अध्यक्षों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर उन्हें जिलावार जिम्मेवारी भी दी है। श्री शाहदेव ने बताया कि जिलावार बनायी गयी समिति के सदस्य झारखंड प्रभारी के जिला दौरा से पूर्व अपने-अपने जिला में जाकर कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी लेंगे और समुचित सलाह देंगे। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कार्यान्वयन समिति की बैठक 01 बजे अपराह्न में संपन्न हुई, जिसमें आगामी 06 से 10 मार्च तक के कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी और कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष निर्देश दिया।

बैठक में कार्यान्वयन समिति के समन्वयक नागेंद्र कुमार, सदस्य डॉ राजेश गुप्ता, कामेश्वर गिरि, सुरेन राम, जितेंद्र त्रिवेदी, अख्तर अली के अलावा विशेष आमंत्रित के रूप में वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव एवं राजन वर्मा उपस्थित थे।

# जन-कल्याणकारी होगा राज्य सरकार का बजट : लाल किशोरनाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 03 मार्च सोमवार को आने वाला राज्य सरकार का बजट जन-कल्याणकारी और मूलभूत सुविधाओं के लिए ढांचे का निर्माण कर राज्य का विकास सरकार के द्वारा सुनिश्चित करने वाला होगा।



प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पहले ही यह संकेत दिया है कि जनता पर कोई अतिरिक्त कर नहीं लगेगा।

श्री शाहदेव ने कहा कि राज्य का बजट जनहित को पूरा करने वाला होगा।

अबुआ बजट के लिए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पार्टी और कई सामाजिक संगठन और आम जनता से बजटीय प्रावधान के लिए रायसुमारी की और कई आवश्यक सुझाव भी सरकार को दिया है।

श्री शाहदेव ने कहा कि निश्चित रूप से बजट का आकार बढ़ेगा।

श्री शाहदेव ने कहा कि आनेवाला बजट में अच्छा समन्वय होगा और सरकार का फोकस कल्याणकारी योजनाओं पर होगा। इंडिया गठबंधन की सरकार राज्य की जनता को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाना चाहती है। यही कारण है कि मंईयां सम्मान योजना, वृद्धापेंशन, छात्रवृत्ति, विधवापेंशन सहित कई योजना पर फोकस, किसानों को राहत पहुंचाना होगा।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हजारीबाग उपायुक्त ने की पहल

# 6 हजार कर्मियों को भविष्य निधि लेखा संख्या का किया गया आवंटन

**सेवानिवृत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत राशि भुगतान करने की प्रक्रिया पूरी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के विकास और सरकारी कामकाज में लंबी अवधि तक सेवा देने वाले कर्मी सेवानिवृत्त होने के बाद आर्थिक रूप से संबल रहें, इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुरानी पेंशन योजना फिर से (ओपीएस) बहाल कर राज्य कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया था। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि नयी पेंशन योजना के तहत नियुक्त कोई भी सरकारी कर्मी पुरानी पेंशन योजना से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय की पहल पर जिला पेंशन एवं लेखा निदेशालय, तदेन भविष्य निधि कार्यालय एवं जिला कोषागार कार्यालय ने त्वरित कार्य करते हुए मात्र 2 महीने के अंदर हजारीबाग जिला में अवस्थित सभी राज्य स्तरीय कार्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालय के लगभग छह हजार कर्मियों, जिनकी नियुक्ति नयी पेंशन योजना के तहत हुई थी, का भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटित कर दिया है। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि वित्त विभाग के संकल्प संख्या 141-दिनांक 1 सितंबर 2023 के तहत 1 सितंबर 2022 के पूर्व सेवानिवृत्त वैसे कर्मियों, जिन्हें सेवा निवृत्ति के बाद नयी पेंशन योजना (एनपीएस) राशि का भुगतान नहीं हुआ है, के लिए एनपीएस खाता में जमा राशि में से सरकार के अंशदान एवं लाभांश की राशि का भुगतान सरकार के खजाने में जमा कर दिया है उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस श्रेणी में वैसे कर्मी शामिल थे जो दैनिक वेतनभोगी/ संविदा के रूप में नियुक्त हुए थे और जिन्हें राज्य सरकार द्वारा नियमित किया गया था। वहीं, 01.09.2022 के पूर्व सेवानिवृत्त वैसे कर्मी जिन्हें न्यू पेंशन स्कीम के तहत जमा राशि का भुगतान हो चुका है और वे पुरानी पेशन योजना का लाभ लेने के इच्छुक हैं। वैसे सेवानिवृत्त कर्मियों से न्यू पेंशन योजना से प्राप्त राशि चालान के माध्यम से सरकारी खजाने में जमा कराकर उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया गया।

### उपायुक्त हजारीबाग के प्रयासों का मिला सकारात्मक परिणाम

उपायुक्त नैंसी सहाय के मार्गदर्शन में जिला कोषागार पदाधिकारी सह-पेंशन एवं लेखा पदाधिकारी उज्जवल कुमार चौरसिया द्वारा हजारीबाग जिला अंतर्गत मुख्यालय से प्राप्त 48 सेवानिवृत्त कर्मी के अलावे वैसे कर्मी जो सेवानिवृत्ति के पश्चात अपने-अपने घर चले गये थे। कार्यालय के पास उनके वर्तमान आवासीय पता एवं मोबाइल नंबर भी उपलब्ध नहीं थे, से संपर्क स्थापित कर कार्यालय बुलाकर एनपीएस में जमा सरकारी अंशदान एवं लाभांश की राशि चालान के माध्यम से सरकारी खजाने में जमा करायी गयी और उनके पेंशन प्रपत्र को भर कर महालेखागार कार्यालय, झारखंड, रांची को उपलब्ध करा दिया गया। साथ ही साथ वैसे छुटे हुए सेवानिवृत्त कर्मी जो किसी कारण से अभी तक पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं ले पाये हैं,उन्हें भी सरकार के इस सराहनीय कार्य (पुरानी पेंशन योजना) का लाभ पहुंचाने के प्रयास किये हैं। पेंशन कार्यालय द्वारा सेवानिवृत्त दिब्यांग पेंशनरों को पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु महालेखाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्राधिकार पत्र के आधार पर उनके घर जाकर पेंशन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।




# घासी समाज को शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता : डॉ रीझू नायक

**झारखंड राज्य घासी समाज संघ की बैठक संपन्न**

**संगठन मजबूती और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को झारखंड राज्य घासी समाज संघ की बैठक ऑक्सीजन पार्क, मोराबादी में डॉ रीझू नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन मजबूती, सदस्यता अभियान, जिला और प्रखंडवार अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सामाजिक, राजनितिक, शैक्षणिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से समाज के लोगों को सशक्त बनाने पर गहन विचार मंथन किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से आगामी 9 मार्च को संघ द्वारा फगुवा मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। डॉ रीझू नायक ने कहा कि घासी समाज को शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज को विकास की मुख्यधारा में ला सकता है। विनिता नायक ने कहा कि आधी आबादी को अधिक से अधिक समाज में जोड़ कर संगठन को मजबूत बनाना है। शांति देवी ने कहा कि शहर से गांव के प्रबुद्ध जनों को साथ मिलकर चलने की जरूरत है। संदीप टाइगर ने कहा कि युवा ही इतिहास बनाते हैं, इसलिए युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है। संचालन अधिवक्ता सोनी नायक एवं धन्यवाद डॉ इंद्रजीत नायक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मनोज कुमार नायक, किरण नायक, मुकुल नायक, विनिता पाठक नायक, मुकेश नायक एवं सुरेश नायक शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
198000 Subscribers
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# आम लोगों की समस्याओं का करें समाधान : रंजन

## राजद ने सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजद प्रदेश कार्यालय में रविवार को युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में राज्य के सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। जिलाध्यक्षों ने अपने जिलों में चल रहे सदस्यता अभियान की प्रगति की जानकारी बैठक में दी।

बैठक में युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने एक बूथ 25 यूथ का नारा देते हुए सभी जिलाध्यक्षों को से तीव्र गति से प्रखंड से लेकर बूथ तक सदस्यता अभियान चलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और युवा नेता तेजस्वी यादव की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि आप सभी हमेशा लोगों की समस्याओं को सुनें और समाधान करने प्रयास करें और संगठन से हर वर्ग से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें। रंजन ने हर बूथ पर 25-25 युवाओं की टीम बनाने का निर्देश दिया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान प्रभारी अनीता यादव, वरिष्ठ नेता संजय रंजन, गुलशन खातून सहित अन्य ने संबोधित किया। इस अवसर पर विनोद भोक्ता, जफीर खान, पूनम देवी, गायत्री देवी, रघुनाथ राणा, अभिराज राय, क्षितिज मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# नयी दिल्ली में राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री के बीच शिष्टाचार भेंट



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

# हेम नारायण पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आप्त सचिव नियुक्त

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी हेम नारायण सिंह को पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास का आप्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इसकी अधिसूचना कार्मिक विभाग ने जारी कर दी है। हेमनारयण सिंह कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में पदस्थापित थे। कार्मिक विभाग ने अब उनकी सेवा मंत्रिमंडल समन्वय विभाग को सौंपी है।**

# नाबालिग के साथ दरिंदगी आरोपी पड़ोसी निकला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया है। दुष्कर्म का आरोपी नाबालिग के पड़ोस में रहने वाला युवक है।

**क्या है पूरा मामला :** राजधानी रांची में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया है। घटना शनिवार रात की है। दुष्कर्म का आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित नाबालिग और आरोपी का परिवार एक दूसरे का पड़ोसी है। शनिवार रात आरोपी नाबालिग को घर में अकेला पाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और फिर दुष्कर्म किया।

**नाबालिग ने अपनी मां को बताया :** नाबालिग ने जब रात में पड़ोसी द्वारा किये गये गंदे काम के बारे में अपनी मां को बताया तो वे हैरान रह गये। मोहल्ले में खबर फैली तो लोग आरोपी को पकड़ने के लिए घरों से निकल पड़े। इस दौरान आरोपी को पकड़ भी लिया गया और ग्रामीणों ने उसकी पिटाई भी की। लेकिन इस बीच मौका देखकर आरोपी फरार हो गया।

### थाना में शिकायत

**शनिवार रात को ही परिजनों ने सुखदेवनगर थाने को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग का बयान लिया और उसका मेडिकल भी कराया। रांची कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। आरोपी के बारे में भी जानकारी मिली है, वह फरार है। लेकिन उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।**

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के पुनः अध्यक्ष बने शंकर दुबे

## कोषाध्यक्ष बने संजय सिंह और प्रवक्ता बने नमन भारतीय

- श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की हुई बैठक
- 100वीं वर्षगांठ पर भव्य पूजा का आयोजन किया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुतहा तालाब के द्वारा रविवार को दोपहर 12 बजे एक बैठक रखी गयी। इस बैठक की अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता ने की। कोषाध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा पिछले वर्ष 2024 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे हर्ष के साथ सर्वसम्मति से पास कर दिया। उसके बाद सभा में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता, उदय साहू, रमेश सिंह ने पुरानी कमिटी को ही सुचारु रूप से रखा गया और जो लोग भी इस नयी कमिटी में जुड़ना चाहते है उनको भी जोड़ा जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन नंदकिशोर सिंह चंदेल द्वारा किया गया। श्री चैती दुर्गा पूजा धूम-धाम से मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के बाद श्री चैती दुर्गा मंदिर में होली मिलन समारोह भी किया गया।

श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक, संरक्षक, आयोजक एवं सयोजक ने कहा कि नयी कमेटी में जय सिंह यादव, मिंटू चौबे, राजीव रंजन मिश्रा, मेहश चद्र, शंकर सिन्हा, शंकर साव, लिल्लू प्रसाद, बसंत चंद्रवंशी, सागर वर्मा, सोनू सिंह, दीपक ओझा, मेहुल प्रसाद, अशोक पुरोहित मुख्य रूप में महासमिति में हैं।

बैठक में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता, उदय साहू, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, संजय सिंह (लल्लू सिंह), महेश चंद्रा, जय सिंह यादव, दीपक ओझा, दीपू सिंह, करण सिंह, मोहित रजक, नमन भारतीय, अर्जुन सिंह, अभिषेक रजक, रोहन सिंह, आयुष रजक एवं महासमिति के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

# बाबा विद्यापति स्मारक समिति का होली मिलन समारोह नौ मार्च को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संस्थापक सह वरिष्ठ सदस्य विशंभर झा एवं समिति के अध्यक्ष जयंत झा के संयुक्त तत्वाधान में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 9 मार्च दिन रविवार को समिति के कार्यालय प्रांगण में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर रांची के विधायक सीपी सिंह एवं निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय रहेंगे। समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि होली मिलन सह परिवार मिलन समारोह आगामी 9 मार्च को सुबह 11:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक चलेगा। जिसमें रांची के मशहूर कीर्तन मंडली एवं मुख्य कलाकार अश्वनी आनंद, मुकेश झा भास्कर, गौरी शंकर झा, बिंदु शेखर झा एवं आंसू झा के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी। इस समारोह में आने वाले लोगों के लिए ठंढाई, भांग, मालपुआ, फ्राई चुरा एवं फ्राई मछली की व्यवस्था रहेगी। बैठक में जयंत झा, विश्वंभर झा, उदित नारायण ठाकुर, पूर्णेंदु ठाकुर, मृत्युंजय झा, राधेश्याम यादव, मनोज झा, सुनील कुमार सिन्हा, राजेश कुमार झा, रमेश भारती, भानु कच्छप, बिंदु शेखर झा, आंसू झा, अमरनाथ झा आदि मौजूद थे।

# शिक्षक-छात्र सम्मान सह विदाई समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड परिसर स्थित, राजीव गांधी सभागार में तमाड़ प्रखंड के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों आठवीं प्री बोर्ड 2025 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के सम्मान में और सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षा पदाधिकारियों, शिक्षकों के विदाई हेतु शिक्षक-छात्र सम्मान सह शिक्षक विदाई समारोह 2025 की आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता संतोष कुमार महतो व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी तमाड़ ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बादल राज जिला शिक्षा अधीक्षक रांची उपस्थित थे। बादल राज का आगमन होते ही छात्राओं शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का मंच पर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम संतोष कुमार महतो ने अध्यक्षीय भाषण में शिक्षा में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट कार्यों करने वाले शिक्षकों में अर्जुन महतो, रेशमा डुंग-डुंग, विशिष्ठ सेट, दशरथ ठाकुर, मुचीराय समद, अहिल्या देवी को और आठवीं प्री बोर्ड में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों एवं सेवानिवृत्त पदाधिकारी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बादल राज जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि प्रखंड तमाड़ को शिक्षा के क्षेत्र में जिले में प्रथम स्थान दिलाने के लिए सभी शिक्षकों को अथक प्रयास करना होगा। मैं यहां की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान अति शीघ्र करूंगा। अजय गुप्ता, देवीप्रसाद मुखर्जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सभा का संचालन आत्म प्रकाश पांडा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति मुनि तिर्की वर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, जय मंगल लोहार सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तमाड़, कामेश्वर सिंह सेवानिवृत्त क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी बुंडू, मुमताज अंसारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तमाड़, राजकिशोर महतो सेवानिवृत्त व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी राजेश कुमार, अरुण भारद्वाज, पशुपति कुमार सिंह, प्रशांत दत्त आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पिनाकी महतो, रवींद्रनाथ राय, सुरेंद्र महतो, भागीरथ हजाम, सुबोध महतो, जितेंद्र प्रसाद, इंद्रनाथ कुमार, वासुदेव महतो, धनेश्वर प्रमाणिक, सुनील गोराइ, दशरथ ठाकुर, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, दशरथ महतो, महेंद्र मुंडा।

महिला शिक्षिकाओं में शीतला सिंह, सुजाता किस्पोटा, मुकुता मेहता, रेशमा डुंगडुंग, बघेल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही धन्यवाद ज्ञापन भागीरथ हजाम ने किया।

# मारवाड़ी ब्राह्मण सभा का चुनाव 23 मार्च को




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के चुनाव के लिए मतदान मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में 23 मार्च को होगा। इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इस दौरान मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के लगभग 1600 सदस्य अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस संबंध में मुख्य चुनाव पदाधिकारी राधेश्याम शर्मा ने रविवार को चुनाव के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए चार से सात मार्च, नामांकन पत्र की जांच सात मार्च को होगी। साथ ही उम्मीदवारों की प्रथम सूची आठ मार्च को जारी होगी। नामांकन वापसी नौ से 12 मार्च तक होगा। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 13 मार्च और मतदान 23 मार्च को होगा। कार्यालय में नामांकन फार्म लेने एवं देने का समय सुबह 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक रहेगा।

# धूमधाम से निकली श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा

- श्री श्याम के जयकारे और भक्तों के हाथों में श्री श्याम प्रभु के ध्वज लहरा रहा थे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति ने रविवार को नेवरी विकास से मंदिर खाटू श्याम हरमू रोड के लिए श्री श्याम प्रभु का ध्वजा निशान पदयात्रा धूमधाम से निकाली। नेवरी के श्री दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्री श्याम निशान पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर चारों ओर श्री श्याम के जयकारे और भक्तों के हाथों में श्री श्याम प्रभु का ध्वज लहरा रहा थे।

वहीं सुगंधित फूलों से अलंकृत दिव्यरथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की मनोहरी छवि की सुंदर झांकी का अद्भुत नजारा सबका ध्यान आकर्षित कर रहा था। 251 निशान धारक महिला और पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में श्याम प्रभु की दिव्य आभा भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर रही थी। श्याम भक्त बाबा की ध्वजा अपने कंधे पर उठाकर नाचते- झूमते हुए 17 किलोमीटर यात्रा में शामिल होकर अपने आप में बाबा की कृपा अनुभव कर रहे थे। 17 किलोमीटर की पदयात्रा में चल रहे श्याम भक्तों का पूरे मार्ग में जगह-जगह रांची के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, अग्रवाल युवा सभा, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी सहायक समिति, गौ सेवा समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जीण माता सेवा संघ सहित कई संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया।

बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अपर बाजार होते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा निशान अर्पित करने के बाद पदयात्रा समाप्त हुई।

पदयात्रा में भजन गायकों ने मधुर भजन डोरी खींच के राखी जो यह तो है बाबा को निशान..., श्याम धनी को आयो रे बुलावो... गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संयोजक गोपाल मुरारका, हरिशंकर परशुराम पुरिया, ललित कुमार पोद्दार, राजेश ढांढनियां, अशोक लाडिया, रवि चौधरी सहित अन्य भक्तों ने योगदान दिया।

# मुक्ति संस्था ने 29 शवों का किया अंतिम संस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 29 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गये। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था के जरिये अबतक कुल 1946 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास राहुल जायसवाल ने किया। मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, सौरभ बथवाल, सुमित अग्रवाल, आरके गांधी, सीताराम कौशिक, विकाश विजयवर्गीय, दिनेश गाबा आदित्य शर्मा, संदीप कुमार पंकज खिरवाल, हरीश नागपाल और विनोद सिन्हा शामिल थे।

# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में 196वें अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

- 2500 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण
- भजन-कीर्तन में खूब झूमे श्रद्धालु



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में रविवार को श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 196वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट की वरिष्ठ सदस्य मीरा अड्डुकिया ओमप्रकाश अड्डुकिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से तथा श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों के द्वारा अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारे में पूड़ी- आलू चना, टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद 2500 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडेय द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात भजन संकीर्तन का आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं निर्मल जालान ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को कृष्णमय एवं भक्तिमय बना दिया।

गुरु महाराज की जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 53 वर्ष पूरे होने उपलक्ष्य में एवं परमहंस डॉ संत सदानंद महाराज के शिष्यों ने रविवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की देखरेख में जरूरतमंदों, अभावग्रस्त ग्रामीणों एवं मंदिर के आसपास रहने वाले श्रद्धालुओं को भोजन करा कर एवं उपयोगी सामग्री देकर सेवा की गयी।

इस अवसर पर- डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश चौधरी, पूरणमल सर्राफ, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, सुरेश भगत, ओम प्रकाश सरावगी, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विजय अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार, शिव भगवान अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, अमिता जालान, अग्रवाल, शोभा जालान, सुनिता पुरोहित, ज्ञान प्रकाश शर्मा, परमेश्वर साहू, धीरज कुमार गुप्ता, महेश वर्मा, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार और अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# 9 मार्च को रांची में कार्यशाला का आयोजन

## प्रमंडल और जिला प्रभारियों को सौंपी गयी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे संगठन को मजबूत करने में जुट जायें। बैठक को डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर आदि ने संबोधित किया। बैठक में तय किया गया कि 9 मार्च को रांची में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रखंड प्रभारियों को कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी के लिए प्रमंडल एवं जिला प्रभारियों की सूची घोषित की गयी है।



### किनको कहां की मिली है जिम्मेदारी

प्रमंडल प्रभारी-डॉ देवशरण भगत (संयोजक), राजेंद्र मेहता व रामलखन साह (सहसंयोजक)

रांची जिला-राजेंद्र मेहता, (संयोजक), संजय महतो (जिलाध्यक्ष), संजय महतो (सोनाहातू), प्रत्यूष प्रशांत, राजकिशोर महतो, डॉ पार्थ परितोष, राजकिशोर कुशवाहा।

गुमला जिला-रामलखन साह (संयोजक), विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव।

लोहरदगा जिला-आशुतोष तिवारी (संयोजक), हाकिम अंसारी, इस्लाम अंसारी।

खूंटी जिला-केशव चंद्र महतो (संयोजक), अभिषेक राज हेरेंज, रमेश भगत।

सिमडेगा जिला-दीपक महतो (संयोजक), गोपीनाथ सिंह, भूषण भगत।

महिला जिला प्रभारी टोली रांची- निर्मला भगत (संयोजक) एवं पार्वती देवी। लोहरदगा-अंजू देवी (संयोजक), मुनिया उरांव, अनीता साह।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# रांची में 151 स्थानों पर मनाया जायेगा रामोत्सव : विहिप




**आजाद सिपाही संवाददाता**

### रामोत्सव को 30 मार्च से 12 अप्रैल तक मनाने का निर्णय

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रांची महानगर की बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने की, जबकि संचालन महानगर मंत्री विश्वरंजन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप के क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी कार्यक्रम रामोत्सव को 30 मार्च से 12 अप्रैल तक मनाने का निर्णय लिया गया। महानगर अंतर्गत सभी 16 नगरों में कार्यक्रम करने के लिए तथा 12 अप्रैल को बलोपासना दिवस के रूप में रांची महानगर के 151 स्थान पर कार्यक्रम करने की योजना बनायी गयी। रांची महानगर के सभी नगरों की बैठक सात, आठ एवं नौ मार्च को तय की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के कालखंड में भगवान पुरुषोत्तम श्री रामलला का भव्य एवं नूतन मंदिर में स्थापित होना सनातन हिंदू समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि षष्ठीपूर्ति वर्ष में ही महाकुंभ में 65 करोड़ से अधिक सनातन हिंदू जनमानस का एकत्र होना हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का बड़ा उद्घोष के समान है। डॉ साहू ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यों को जन-जन तक ले जाने के लिए समिति बनाने एवं निश्चित कार्यक्रम को करने का आग्रह किया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सेवा सहप्रमुख अशोक अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक, सहमंत्री राजेश अग्रवाल और सुमन जी, सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश गिरी, सेवा प्रमुख श्वेता सिंह, महानगर बजरंग दल संयोजक विक्रम साहू, अजय राजगढ़िया सहित अन्य उपस्थित थे।

# डुमरौन में दोनों पक्षों के बीच सहमति, पर प्रशासन ने नहीं दी धर्म ध्वजा और मीनार हटाने की इजाजत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र का डुमरौन इन दिनों पूरे देश भर में सुर्खियों में है। इस गांव में महाशिवरात्रि के दिन दो संप्रदाय आपस में भिड़ गये थे, जिसमें आधे दर्जन से अधिक गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया था। दोनों समुदाय ने एक दूसरे पर पथराव भी किया गया था। पूरी घटना धर्म ध्वज और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर हुई थी। पास में ही एक सरकारी विद्यालय है जिसके प्रवेश द्वार पर एक वर्ष पूर्व मीनार बना दिया गया है। इस कारण गांव में पिछले एक वर्ष से विवाद चल रहा है। इस विवाद को रविवार को समाप्त करने की कोशिश की गयी थी। शनिवार को दोनों पक्षों ने बैठक कर तय किया था की मीनार और धर्म ध्वज भी रविवार को हिंदुस्तान चौक से हटा लिया जायेगा। इसके लिए हाइड्रा मशीन भी बुलाया गया, लेकिन बात नहीं बनी। मामला सुलझाने के लिए सुबह 10 बजे से ही समाज के लोग सक्रिय नजर आये। एन वक्त में प्रशासन के दखलंदाजी के बाद मीनार और धर्म ध्वजा नहीं हटाया गया। बताया जाता है कि एक पक्ष ने प्रशासन से दो दिनों का समय की मांग की है। इसे देखते हुए प्रशासन ने रोक लगा दी। यहां यह सवाल खड़ा होता है कि जब दोनों पक्ष तैयार थे तो आखिर प्रशासन का सहयोग क्यों नहीं मिला।



इस दौरान प्रशासन की ओर से एडिशनल एसपी अमित कुमार, प्रशिक्षु आइपीएस सह थाना प्रभारी श्रुति, निवर्तमान थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, इचाक बीडीओ संतोष कुमार समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। घर की छतों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया था। जो दिन भर सक्रिय रहा। जब यह तय हो गया की मीनार और धर्म ध्वजा नहीं हटायी जायेगी, तो सुरक्षा बल को घर से नीचे बुला लिया गया। इस दौरान सदर एसडीओ लोकेश बारंगे भी मौजूद रहे। इन्हीं के हस्तक्षेप के बाद मीनार और धर्म ध्वजा नहीं हटी। जब इस मामले में सदर एसडीओ लोकेश बारंगे से फोन से वार्ता हुई तो उन्होंने कहा कि एक पक्ष की ओर से एक से दो दिन का समय की मांग की गयी है, इसके बाद यह देखा जायेगा कि क्या किया जाये। इसमें प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भूमिका बेहद अहम रही। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, स्थानीय मुखिया चोहन महतो, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के सचिव रेणु कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सदर जुबेर अंसारी, मुबारक हुसैन, रियाज, हकीक शाह समेत कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण विवाद को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाते दिखे।

### डुमरौन सांप्रदायिक तनाव पर सांसद ने प्रशासनिक कार्रवाई पर उठाये सवाल



हजारीबाग। जिले के इचाक प्रखंड के डुमरौन में हुए हिंसक सांप्रदायिक झड़प के बाद रविवार सुबह जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के कारण मीनार और झंडा नहीं हटाया जा सका। इसे लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने जिला प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में शांति कायम होने जा रही थी अब वह नहीं हो पायेगी। दोनों समुदाय के लोग ने आपस में बैठक कर तय किया था, इसमें बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप भी नहीं था। तय समय अनुसार मीनार और झंडा हटाने का काम शुरू भी हो गया। सदर एसडीओ के पहुंचते ही काम रोक दिया गया। वहां के लोग चाहते थे कि जो घटना पहले घटी थी उसे भूल जायें। आगे अच्छा से मिल जुल कर रहें। सांसद ने आरोप लगाया कि एसडीओ का पद स्थापना हो चुका है। ऐसे में उनके रांची में बैठे आका ने उन्हें आदेश दिया होगा, इस कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में अगर कानून व्यवस्था की स्थिति गिरती है तो जिम्मेवारी सदर एसडीओ की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मीनार और झंडा को लेकर क्षेत्र में तनाव है। स्थानीय इस समस्या को दूर करने के लिए अच्छा कदम उठाया था जो स्वागत योग्य है, लेकिन प्रशासनिक दखल अंदाजी के कारण बात नहीं बनी।

# तस्करी कर ले जा रहे पशुओं को हिंदूवादी संगठनों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हिंदूवादी सगठनों ने रविवार को एक पिकअप वाहन से अवैध तरीके से तस्करी कर ले जा रहे पांच गौवंशी पशुओं को बचाकर विश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गढ़वा की ओर से एक पिकअप वाहन पर पांच पशु अमानवीय तरीके से लादकर ले जाया जा रहा था। तभी रेहला बीसीसीएल गेट के पास हिंदूवादी संगठन के लोगों ने देखा और उसका पीछा किया। विश्रामपुर स्टैंड के पास पशु लदे पिकअप वाहन को पकड़ा और उसे विश्रामपुर पुलिस के हवाले किया। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि अवैध रूप से पांच गोवंशीय पशुओं को लेकर जा रही पिकअप वाहन को जब्त कर पशुओं को स्थानीय लोगों की देखरेख में दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित गोवंशीय पशु तस्करी में चालक लालमन पासवान और वाहन मालिक आजम अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं विश्रामपुर थाना कांड संख्या-11/2025 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम-2005 एवं पांच पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम-1960 के अंतर्गत अंकित किया गया। उन्होंने बताया कि चालक लालमन पासवान गढ़वा जिले के थाना नगर उंटारी के मरचवा गांव का रहने वाला है। जबकि वाहन मालिक आजम अंसारी गढ़वा जिला स्थित थाना नगर उंटारी के कुसडर गांव का रहने वाला है।

# चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया

### सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला, न्यूजीलैंड की टीम साउथ अफ्रीका से खेलेगी

**एजेंसी**

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। रविवार को 250 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गयी। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। केन विलियम्सन ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाये। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन ही बना सकी। श्रेयस अय्यर ने 79 रन बनाए। न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 5 विकेट लिये। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में टॉप पोजिशन के साथ फिनिश किया है, यानी भारत का सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमें भिड़ेंगी।




### रोहित बोले : वरुण खास है

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा- हमारे लिए टॉप पर फिनिश करना अहम है। न्यूजीलैंड एक अच्छी टीम है और अच्छा खेल रही है। पहले पावरप्ले में विकेट गंवाने के बाद अक्षर-श्रेयस की साझेदारी अहम थी। हमारी क्वालिटी गेंदबाजी के साथ हमें उसे डिफेंड करने का आत्मविश्वास था। वरुण खास है। हम उसे आजमाना चाहते थे और देखना चाहते थे कि वह क्या दे सकता है। हमें अगले मैच के लिए थोड़ा सोचना होगा। यह एक अच्छा सिरदर्द है। अगर वो सही करता है तो उसे पढ़ना बहुत मुश्किल है। ऐसे टूर्नामेंट में मोमेंटम अहम होता है। मैच जीतने की कोशिश करें, हर चीज सही करने की कोशिश करें। गलतियां होती हैं, लेकिन उन्हें सुधारना जरूरी है। ऑस्ट्रेलिया का आइसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा खेलने का इतिहास है। हमें उस दिन सही चीजें करनी होंगी। हमें इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि हमें उस दिन क्या करना है।

# कुंदा में भापजाइयों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुंदा/ चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदा चौक में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने अपने हाथों में मशाल जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया और कहा कि जितने भी सरकारी कार्यालय हैं, सभी जगह आम जनों को काम के लिए पैसा देना पड़ता है। बिना पैसा के कहीं कोई काम नहीं होता है, जिससे इस सरकार के प्रति लोगों में विश्वास टूटता जा रहा है। आम जन इस भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुका है। इस दौरान प्रखंड कार्यालय में प्रखंड कर्मी घूस लेना बंद करो, गरीबों का खून चूसना बंद करो जैसे कई नारे लगाये गये। कार्यकर्ताओं ने सरकारी कर्मियों से काम के बदले घूस लेना बंद करो, नहीं तो आगे उग्र आंदोलन करने की हिदायत दी।

### तीन दिवसीय गोंदवाना क्लब क्रिकेट लीग-2025 टूर्नामेंट

# स्पार्टंस यूनाइटेड की टीम ने चैंपियनशिप का खिताब जीता




**आजाद सिपाही संवाददाता**

### सीएमपीडीआइ के खेल मैदान में आयोजित हुआ टूर्नामेंट

**रांची।** सीएमपीडीआइ के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय गोंदवाना क्लब क्रिकेट लीग-2025 टूर्नामेंट के फाइनल मैच में स्पार्टंस यूनाइटेड का मुकाबला धरा योद्धा के बीच हुआ। स्पार्टंस यूनाइटेड ने धरा योद्धा की टीम को 5 विकेट से पराजित कर टीम चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि सीएमपीडीआइ के निदेशक शंकर नागाचारी ने टीम चैंपियनशिप के विजेता टीम और विशिष्ट अतिथि संस्थान के वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा ने उप-विजेता टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर बेस्ट बैट्समैन एवं बेस्ट बॉलर किशन, बेस्ट फील्डर विक्रांत त्रिवेदी, मैन ऑफ दी सीरिज किशन तथा महिला खिलाड़ी दीप्ति पिल्लै को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने शिरकत कीं।

इस टूर्नामेंट में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक मैच में एक महिला खिलाड़ी अनिवार्य रूप से खेलने का अवसर प्रदान किया गया और एक ओवर महिलाओं को समर्पित था, जहां महिला खिलाड़ियों ने विशेष रूप से गेंदबाजी और बल्लेबाजी की। इस अवसर पर संस्थान के महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# लाभुक को बिना पता चले खाते से हो गयी निकासी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड के डोंकी पंचायत के बरियातू गांव के मालती देवी पति सकेंद्र सिंह के नाम से बिरसा संवर्धन कूप निर्माण स्वीकृत हुआ था। जिसका वर्क कोड 7080902722383 है। उक्त कार्य में लाभुक के खाता में जाने वाली 50000 की राशि बिचौलिए एवं मुखिया पंचायत सेवक के मिली भगत से उसी गांव की मालती देवी पति राजू सिंह के नाम से फर्जी तरीका से निकासी कर लिया गया। जबकि मालती देवी पति राजू सिंह के नाम से कूप निर्माण स्वीकृत हुआ ही नहीं है। जबकि भुगतान वाउचर के साथ मालती देवी पति राजू सिंह के खाता एवं आधार लगाकर पैसे की निकासी बिचौलियों द्वारा कर ली गयी है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए वास्तविक लाभुक मालती देवी के पति सकेंद्र सिंह ने बताया कि हमको एवं हमारी पत्नी को उक्त पैसे की कोई जानकारी नहीं है। गांव के ही एक और मालती देवी है जिसका पति का नाम राजू सिंह है उसी के नाम से पैसा निकासी कर लिया गया है। कूप निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है।

इस विषय पर पूछे जाने पर डोंकी पंचायत के मुखिया भजेंद्र उरांव बताया कि इस विषय में हमको कुछ मालूम नहीं है।

# 7.450 किलोग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नवाजयपुर थाना क्षेत्र स्थित डैनीखाड से करीब 7.450 किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान मुखलाल सिंह के रूप में हुई है। वह पलामू के नवाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पूर्णाडीह का रहने वाला है।



उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### भाजपा के सांगठनिक चुनाव की तैयारियों की हुई समीक्षा बैठक

# संगठनात्मक चुनाव निर्धारित समय पर हो: सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संगठनात्मक चुनाव को लेकर पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारियों की रविवार को बैठक हुई। जिसमें उपस्थित पलामू जिला चुनाव अधिकारी सुरेश साव ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल एवं जिला स्तरीय चुनाव होना है। कहा कि आज की कामकाजी समीक्षात्मक बैठक में मंडल चुनाव प्रभारियों की अग्रतन रिपोर्ट बताती है कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में हैं। वहीं बूथ कमेटी, मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी। इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। वहीं, सह चुनाव अधिकारी लवली गुप्ता ने कहा कि बूथ कमेटी में कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल मे चुनाव संपन्न कराने के लिए तत्परता के साथ लगें। जबकि सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शित तरीके से नियम संगत निर्धारित समय में हो। निष्ठावान एवं कर्तव्यनिषठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले। संगठन मजबूत एवं धारदार हो। वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, विजय आनंद पाठक, परशुराम ओझा ने भी अपने-अपने संगठनात्मक अनुभव एवं विचार व्यक्त किये। बैठक में विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, विजय ओझा, सुनील पासवान, शिव कुमार मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, रामचंद्र यादव, धीरेंद्र दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, शुभम प्रसाद, श्वेताम गर्ग, सरवन गुप्ता, शशि भूषण पांडेय, जवाहर चंद्रवंशी, राजहंस अग्रवाल, सुशील सिंह, अविनाश उर्फ छोटू सिन्हा, राजेश सिंह, संजय कुमार, साधु माझी, मधु लता सिंह, रेणु देवी, मंजू देवी आदि मौजूद थे।



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 488 दिनांक 13.02.2025 मैं, दीपक कुमार रॉय, पत्नी श्रीमती पूजा रॉय, पिता श्री बिनोद कुमार रॉय, उम्र लगभग - 45 वर्ष, पेशा-व्यापार, धर्म - सनातन, निवास स्थान- ग्राम रेवाली, पोस्ट-रेवाली, थाना-कटकमदाग, जिला- हजारीबाग, झारखण्ड का निवासी शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ जो निम्नलिखित हैं :- 1. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या 4745 5803 5635 हैं जिसमें उसका नाम गलती से मनिकर्निका (MANIKARNIKA) अंकित हो गया हैं जबकि उसका सही नाम नृमान्या रॉय (NRIMANYA ROY) हैं। 2. यह कि मेरी पुत्री का सही नाम नृमान्या रॉय (NRIMANYA ROY) हैं जो सही और सत्य है जो सभी सर्टिफिकेट में (NRIMANYA ROY) ही अंकित है। 3. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री का आधार कार्ड में नाम सुधरवाने हेतु एवं इससे संबंधित आधार कार्ड की उपयोगिता हेतु बना रहा हूँ। 4. यह कि उपरोक्त कथन सत्य वो सही है।

# सर्विस दुरुस्त हो

एयर इंडिया की सर्विस एक बार फिर विवादों में है। इस बार विवाद कुछ ज्यादा बढ़ा हुआ दिख रहा है तो उसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि अबकी सवाल मौजूदा सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री की ओर से उठाए गए हैं। लेकिन इस सारे हो-हल्ले का हासिल क्या होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता।

**शिकायतें आती रही हैं :** इस बार एक मंत्री ने एक यात्री के तौर पर अपने जो अनुभव बताये, वैसे अनुभव एयर इंडिया के विमानों से यात्रा करने वाले लोग जब-तब जाहिर करते रहे हैं। कभी सीट गड़बड़ होती है तो कभी कचरा फैला दिखता है और कभी फ्लाइट में देरी के चलते यात्रियों की सारी कैलकुलेशन बिगड़ जाती है। उन्हें अच्छा-खासा नुकसान झेलना पड़ता है।

**अमल की गड़बड़ी :** सिविल एविएशन की नियामक संस्था DGCA ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल एयर इंडिया को नोटिस भेज दिया। लेकिन ध्यान रहे, डीजीसीए की ओर से 2022 में जारी डायरेक्टिव में यह यह स्पष्ट तौर पर कहा जा चुका है कि एयरलाइन कोई ऐसी सीट नहीं बेचेगा, जो सर्विस के लायक न हो। खबरों के मुताबिक क्रू मेंबर्स ने मैनेजमेंट को खराब सीटों के बारे में जानकारी भी दे दी थी। इसके बावजूद उन सीटों के लिए टिकट बुक की गयी। इससे ऐसा लगता है कि मामला किसी गफलत या लापरवाही का नहीं, मैनेजमेंट की पॉलिसी और यात्रियों की सुविधाओं को दी जाने वाली अहमियत से जुड़ा है।

> डीजीसीए की ओर से 2022 में जारी डायरेक्टिव में यह यह स्पष्ट तौर पर कहा जा चुका है कि एयरलाइन कोई ऐसी सीट नहीं बेचेगा, जो सर्विस के लायक न हो। खबरों के मुताबिक क्रू मेंबर्स ने मैनेजमेंट को खराब सीटों के बारे में जानकारी भी दे दी थी। इसके बावजूद उन सीटों के लिए टिकट बुक की गयी।

**बेहतर प्रबंधन कैसे हो :** बहस का एक सिरा पब्लिक सेक्टर की बदइंतजामी के बरक्स निजी क्षेत्र की कुशलता से भी जुड़ता है। यह आम मान्यता रही है कि पब्लिक सेक्टर की इस कंपनी को प्राइवेट हाथों में अच्छे दिन नसीब होंगे। मगर पिछले तीन साल का अनुभव बताता है कि सिर्फ पब्लिक से प्राइवेट में आ जाने भर से किसी कंपनी की बेहतरी सुनिश्चित नहीं हो जाती।

**चुनौतियां कम नहीं :** यह भी समझना होगा कि एयर इंडिया जैसी किसी कंपनी का कायापलट करना और उसे कुशलता का दूसरा नाम बनाना कोई आसान काम नहीं है। मौजूदा मामला विमानों के रखरखाव और मरम्मत से जुड़ा है। जानकार बताते हैं कि एयर इंडिया के पुराने विमानों की रिपेयरिंग में देर सप्लाई चेन से जुड़ी बाधाओं के चलते हो रही है। बहरहाल, इन चुनौतियों को यात्रियों की तकलीफों के बचाव के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। देखना होगा कि एयरलाइन ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने के अपने वादे पर कितना खरा उतरता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में 24 कैरेट सोने के 10 ग्राम की नवीनतम औसत कीमत शुक्रवार को 186,520 थी। ट्रंप टैरिफ द्वारा संचालित वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंताओं से प्रेरित होकर, कुछ बैंक कथित तौर पर लंदन में तिजोरियों से सोना निकाल कर न्यूयार्क ले जाने की जल्दी में हैं, ताकि 2 व्यापारिक केंद्रों में सोने की कीमतों के बीच उभर रहे बड़े अंतर को कम किया जा सके। यूरोप पर संभावित अमेरिकी टैरिफ के कारण न्यूयार्क में सोने की कीमतों में उछाल आया है, जबकि लंदन में पिछले साल के अंत से दरों में गिरावट देखी गयी है।**

# सारा सोना चमकीला नहीं होता

अनिल पद्मनाभन

पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों में अभूतपूर्व तेजी देखी गयी है। खास तौर पर नवंबर से। सोने की कीमतें 3,000 डालर प्रति ट्राय औंस के मनोवैज्ञानिक अवरोध को पार करने की दहलीज पर हैं। 21 फरवरी को सुबह 11.30 बजे भारतीय समय के अनुसार, पीली धातु की कीमत 2.933.11 डालर थी।

भारत में 24 कैरेट सोने के 10 ग्राम की नवीनतम औसत कीमत शुक्रवार को 186,520 थी। ट्रंप टैरिफ द्वारा संचालित वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंताओं से प्रेरित होकर, कुछ बैंक कथित तौर पर लंदन में तिजोरियों से सोना निकाल कर न्यूयार्क ले जाने की जल्दी में हैं, ताकि 2 व्यापारिक केंद्रों में सोने की कीमतों के बीच उभर रहे बड़े अंतर को कम किया जा सके। यूरोप पर संभावित अमेरिकी टैरिफ के कारण न्यूयार्क में सोने की कीमतों में उछाल आया है, जबकि लंदन में पिछले साल के अंत से दरों में गिरावट देखी गयी है। अर्थशास्त्र हमें सिखाता है कि सोना अनिश्चितता के खिलाफ पारंपरिक बचाव है, खास कर मुद्रास्फीति के दौर के दौरान, लेकिन जबकि मुद्रास्फीति ने पिछले 2 वर्षों में दुनिया को तबाह कर दिया था, अब यह गिरावट पर है। हालांकि यह पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। मुद्रास्फीति अब एक व्यापक आर्थिक खतरा नहीं है। ट्रंप ने निःसंदेह पहले से ही नाजुक दुनिया में अनिश्चितता का एक नया दौर शुरू कर दिया है। अपने चुनावी वादे के मुताबिक उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले पखवाड़े में ही अपने पसंदीदा स्टिक-टैरिफ का इस्तेमाल किया है। ट्रंप 1.0 के विपरीत, इस बार, दोस्त और दुश्मन दोनों ही खुद को आग की रेखा में पा रहे हैं। जिस दिन उन्होंने नरेंद्र मोदी की मेजबानी की, उसी दिन ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका निर्यात पर स्थानीय करों के नुकसान की भरपाई के लिए पारस्परिक शुल्क लगायेगा। इस कदम से पहले कनाडा, मैक्सिको और चीन से चुनिंदा आयातों पर अतिरिक्त शुल्क लगाये गये थे। इस हफ्ते, उन्होंने दोहराया कि उन्होंने वाशिंगटन में मोदी से कहा था, आप जो भी शुल्क लेंगे। मैं शुल्क लूंगा।

> अर्थशास्त्र हमें सिखाता है कि सोना अनिश्चितता के खिलाफ पारंपरिक बचाव है।




**विश्लेषक न्यूयार्क के बाजारों से सोने की मांग में अजीबो-गरीब उछाल से परेशान हैं। भयावह अटकलें लगायी जा रही हैं कि यह सब ट्रंप द्वारा विचार कियो जा रहे एक बड़े पैमाने पर मौद्रिक पुनर्निर्धारण की प्रस्तावना है। यह योजना, जिसे मार-ए-लागो समझौते का नाम दिया गया है। डालर के बड़े पैमाने पर अवमूल्यन से पहले अमेरिका द्वारा रखे गये सोने के भंडार का पुनर्मूल्यांकन करने का प्रस्ताव करती है।**

हालांकि, चर्चा यह है कि संभावित टैरिफ युद्ध से कहीं अधिक कुछ ने सोने के बाजारों को डरा दिया है। विशेष रूप से चिंता की बात यह है कि लंदन बुलियन बाजारों में सोने की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भौतिक स्टाक की कमी हो रही है, जैसा कि ऊपर बताया गया है। बैकलाग, जो पहले कुछ दिनों में साफ हो जाता था, अब 4-8 सप्ताह तक बढ़ रहा है। बैंक ऑफ इंगलैंड लगभग 4 लाख सोने की छड़ें संग्रहीत करता है, जो इसे न्यूयॉर्क फैडरल रिजर्व के बाद सोने का दूसरा सबसे बड़ा संरक्षक बनाता है। अधिकांश भौतिक सोने का व्यापार लंदन में होता है, जबकि वायदा बाजार मुख्य रूप से न्यूयार्क में स्थित है। दोनों बाजारों के बीच व्यापार बाधित हो गया है, क्योंकि सोने की मांग में वृद्धि के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पा रही है। अगर यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो बड़ा सवाल यह है कि क्या सोना 100 प्रति ट्राय औंस के बैंचमार्क मूल्य के आसपास एक नये स्तर पर पहुंचने के लिए तैयार है। या क्या यह एक प्रमुख भू-आर्थिक रीसैट की शुरुआत है? परंपरागत रूप से सोना खुदरा बाजार में लोकप्रिय रहा है तथा भारतीय और चीनी उपभोक्ता सोने के आभूषणों की मांग में शीर्ष पर हैं। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, हालांकि इसका हिस्सा कम हो गया है, फिर भी आभूषणों की मांग अभी भी सोने की मांग का 52 प्रतिशत है।

**अब, एक नया खिलाड़ी आ गया है :** लक्ष्य के अनुसार नवंबर से पहले, आरबीआइ ने औसतन हर महीने 6.6 टन सोना खरीदा था। इसके अलावा, अब यह लंदन में नहीं, बल्कि भारत में ही अपने सोने के स्टाक को रखना पसंद करता है, जबकि पारंपरिक स्त्रोतों में मांग मजबूत बनी हुई है। विश्लेषक न्यूयार्क के बाजारों से सोने की मांग में अजीबो-गरीब उछाल से परेशान हैं। भयावह अटकलें लगायी जा रही हैं कि यह सब ट्रंप द्वारा विचार कियो जा रहे एक बड़े पैमाने पर मौद्रिक पुनर्निर्धारण की प्रस्तावना है। यह योजना, जिसे मार-ए-लागो समझौते का नाम दिया गया है। डालर के बड़े पैमाने पर अवमूल्यन से पहले अमेरिका द्वारा रखे गये सोने के भंडार का पुनर्मूल्यांकन करने का प्रस्ताव करती है। स्टेफ-एन मिरान द्वारा बनाया गया यह रणनीति, जिसे ट्रंप ने अगले अमरीकी आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में चुना है, विश्व आर्थिक व्यवस्था के लिए संभावित रूप से विघटनकारी होगी। डालर के अवमूल्यन से न केवल अमेरिकी निर्यात सस्ता होगा, बल्कि आयात भी महंगा होगा। यह विनाशकारी होगा, खास कर अगर अमेरिकी डालर के मूल्य में 85 प्रतिशत की भारी गिरावट के प्रस्ताव को लागू करता है। पछताने से बेहतर है कि सुरक्षित रहें।

## कोल्हान की खबरें

# टाटा जू में तीन नये मेहमानों का आगमन

### गर्व और हर्ष का माहौल, विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** टाटा जू में तीन नये मेहमानों के आगमन पर गर्व और हर्ष का माहौल है। रविवार को टाटा स्टील के संस्थापक की जयंती की पूर्व संध्या दो तेंदुआ शावकों और एक नर मैंड्रिल बंदर शिशु का जन्म हुआ। यह न केवल जैव विविधता संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण के लिए टाटा जू की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। नन्हे तेंदुआ शावक हाल ही में नागपुर जू से लाये गये तेंदुआ जोड़े की संतान हैं। इनका जन्म संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण और प्रबंधन में चल रहे सहयोगी प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करती है। वर्तमान में दोनों शावक अपनी मां के साथ सुरक्षित हैं। वहीं विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में रखा गया हैं। मैंड्रिल बंदर शिशु, जो अपनी विशिष्ट रंगत और सामाजिक संरचना के लिए प्रसिद्ध प्रजाति से संबंधित है। एक महत्वपूर्ण वन्यजीव संरक्षण उपलब्धि का संकेत देता है। यह दुर्लभ प्राइमेट इजराइल के एक प्रतिष्ठित प्राणी उद्यान से टाटा जू लाया गया था, जिससे इसके संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिला। टाटा जू ने इसके संरक्षण प्रयासों को और आगे बढ़ाते हुए इस प्रजाति के विस्तार हेतु भारत के विभिन्न प्राणी उद्यानों, ग्रीन जेडआरआर सी, जामनगर (गुजरात), नॉर्थ वेस्ट बंगाल सफारी, सिलीगुड़ी और तिरुपति जू को मैंड्रिल दान किये हैं। टाटा जू वन्यजीवों को अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए समर्पित है। इन दुर्लभ जीवों को संतुलित पोषण, उत्कृष्ट चिकित्सा देखभाल एवं उनके प्राकृतिक परिवेश के समान समृद्ध आवास दिया जा रहा है, ताकि वे स्वस्थ व सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें।

टाटा जू के निदेशक ने कहा कि तेंदुआ शावकों और मैंड्रिल शिशु का जन्म हमारे संरक्षण प्रयासों और सहयोगी कार्यक्रमों की सफलता को दर्शाता है। टाटा जू वन्यजीवों की सुरक्षा और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। उच्चतम वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप इनके देखभाल एवं संरक्षण को सुनिश्चित कर रहे हैं। ये नन्हे शावक और उनकी मां वर्तमान में जू के अनुभवी पशु चिकित्सकों और देखभाल विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में हैं, ताकि उनकी सेहत और विकास सुनिश्चित किया जा सके। टाटा जू अपने वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत संरक्षण प्रयासों के माध्यम से संकटग्रस्त प्रजातियों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

# गम्हरिया में तीन दिवसीय बाहा महापर्व 11 से



### मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद सहित अन्य होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया टायो गेट स्थित खेरवाल सावंता जाहेरगढ़ समिति व सरना उमूल के द्वारा तीन दिवसीय (11 से 13 मार्च) पारंपरिक बाहा महापर्व का भव्य आयोजन किया जायेगा। महापर्व के कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन, सिंहभूम सांसद जोबा माझी सहित सभी माझी बाबा और देश परगना शामिल होंगे। रविवार को अंतिम बैठक में समिति के अध्यक्ष भोमरा माझी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सांसद जोबा माझी ने कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति दे दी है।

इस बार बाहा पर्व बेहद भव्य तरीके से किया जायेगा। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों को पूर्ण मान्यता दी जायेगी। समिति के अनुसार बाहा पर्व की शुरुआत 11 मार्च को होगी। उसके बाद 13 मार्च तक विभिन्न पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ इसका समापन होगा। तीन दिन तक पूरे क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पारंपरिक नृत्य एवं गीतों का माहौल बनी रहेगी। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगभग दो घंटे रुकेंगे और क्षेत्रवासियों को बाहा पर्व की शुभकामनाएं देंगे।

समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से पारंपरिक महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की।

# त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भुईयांडी गीता पाठशाला और सिदगोड़ा सेवा केंद्र में 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ध्वजारोहण, संगीत संध्या और बाबा बफार्नी की महा आरती जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। रविवार को कार्यक्रम की शुरूआत ब्रह्माकुमारी शाखा की प्रभारी बीके सुधा और बीके कोमल द्वारा परमात्मा शिव की वाणी के पाठ से हुई। इस दौरान, माउंट आबू मुख्यालय से भेजे गये प्रतिज्ञा पत्र को सामूहिक रूप से पढ़कर उपस्थित जनसमूह ने स्वयं को पावन बनाकर विश्व को पावन बनाने की प्रतिज्ञा ली। सुधा दीदी ने कहा परमात्मा शिव निराकार ज्योति बिंदु स्वरूप हैं। इस अवसर पर संपादक बृजभूषण, तारकनाथ मिश्रा, देवमणि तिवारी, फूलचंद पांडे, जय नाथ मिश्रा सहित अन्य समाजसेवी ने शिवजी के ज्योतिर्लिंग के अद्भुत दर्शन व महादेव की आरती में शामिल हुए। मौके पर सैकड़ों की संख्या में शिव भक्तों ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को जाना एवं इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। बीके कोमल ने शहरवासियों को निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन शिविर में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक,पवन,अरुण, अशोक, हैप्पी, सावित्री, माधुरी सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# श्रमिकों के प्रति असंवेदनशील है राज्य सरकार : पूर्णिमा साहू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने विधानसभा में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने सरकार से अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत सामान्य मृत्यु पर सहायता राशि 15,000 से बढ़ा कर 25,000 करने की मांग की, जिसे सरकार ने अस्वीकार कर दिया। इस पर नाराजगी जताते हुए पूर्णिमा साहू ने कहा सरकार का यह रवैया श्रमिकों के प्रति असंवेदनशीलता और उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से श्रमिकों के हित में फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की।

# विधायक ने मां जगद्धात्री मंदिर के छत निर्माण कार्य का किया समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाकुलिया।** विधायक समीर कुमार मोहंती ने अपने पैतृक गांव बेंद में डूंगरी के ऊपर निर्माणाधीन मां जगद्धात्री मंदिर के छत निर्माण कार्य का विधिवत समापन किया। इस अवसर पर विधायक ने मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना की और निर्माण कार्य में लगे सभी श्रमिकों के लिए भोजन की व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। विधायक समीर कुमार मोहंती ने कहा यह मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल बनेगा, बल्कि चाकुलिया और बेंद क्षेत्र के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा मंदिर का निर्माण में क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को सुदृढ़ किया जायेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रताप मोहंती, अमीर पोलाई, जयदेव मोहंती, सुजीत दास, मलय मोहंती, किस्तों मोहंती, मिथुन कर, तोतान खामराय, देवाशीष मोहंती, लोकनाथ मोहंती, कालू दास सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 'संडे ऑन द साइकिल' फिटनेस कार्यक्रम का किया गया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल ( बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की संविधानिक इकाई) में रविवार को 'फिट इंडिया' अभियान के तहत 'संडे ऑन द साइकिल' फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को दैनिक शारीरिक गतिविधि में शामिल होने और स्वस्थ रहने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में साइकिल चलाने के लाभों पर चर्चा की गयी।

कार्यक्रम में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के रजिस्ट्रार प्रो (डॉ) अजय भूषण प्रसाद, प्रिंसिपल प्रो (डॉ) केशवेंद्र कुमार तिवारी, शिक्षक डॉ तथागता सरकार, डॉ बृजेश यादव, छात्र विवेक शर्मा, सागर बाबू, संकल्प श्रीवास्तव, देवेश कुमार, रोशन कुमार उपस्थिति रहे।

# डायन-बिसाही के आरोप में टांगी से काटकर वृद्ध की हत्या

**धुरकी थाना प्रभारी का कहना है कि उक्त हत्या का मुख्य कारण क्या है जांच के बाद पता चलेगा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** डायन बिसाही के आरोप में टांगी से काटकर वृद्ध की हत्या परिजनों में मचा कोहराम जांच में जुटी धुरकी पुलिस। प्राप्त जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के पुतुर गांव निवासी राम धनी बैठा उम्र लगभग 70 वर्ष सारदा गांव के जमुनिया टोला पर भंडार पर खेती देखने गये थे, इसी बीच दिन के लगभग तीन बजे मृतक



रामधनी बैठा की हत्या टांगी से काटकर बेरहमी से कर दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे घर वालों ने इसका आरोप पूतुर गांव के संजय बैठा तथा राजेश्वर बैठा पर लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। घटना स्थल पर धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने अपने दलबल के साथ जाकर जानकारी प्राप्त किया। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि संजय बैठा तथा रविंद्र बैठा का भाई होमगार्ड जवान मनोज बैठा की मृत्यु बीमारी से हुआ था, जिसे उक्त लोगों द्वारा कहा जाता था की रामधनी बैठा ओझा गुणी का काम करता है, इसी ने मेरे भाई को मारा है तथा धमकी दिया जाता था की इसको छोड़ेंगे नहीं, इसी कारण से रामधनी बैठा की हत्या संजय बैठा तथा राजेश्वर बैठा के द्वारा किया गया है। इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी का कहना है कि उक्त हत्या का मुख्य कारण क्या है जांच के बाद पता चलेगा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। धुरकी पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्ट मार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। इधर घर वालो में कोहराम मचा हुआ है। इस मौके पर सारदा मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव के द्वारा परिजनों को ढांढस दिया गया।

# पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस से ग्राहकों को होगा फायदा : सहायक डाक अधीक्षक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्य डाक घर गढ़वा के सहायक डाक अधीक्षक कुमार अभिषेक ने कहा कि पोस्टल लाईफ इंश्योरेंस की सुविधा पोस्टल विभाग की ओर से किया गया है। इसके माध्यम से 60 वर्ष तक के लोगों का बीमा किया जायेगा। यह योजना देश की पुरानी योजना है। वर्तमान में इससे मीडिया, अधिवक्ता, पारा मेडिकल स्टाफ आदि भी जुड़ सकते हैं। इसके तहत व्यक्तिगत बीमा की जाती है। वे रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से कोर इंश्योरेंस सर्विस से जुड़ गया है। पोस्टल ऑफिस देश के हर जगह है। इसके तहत लोग 20 हजार रुपये से लेकर 50 लाख तक का बीमा करा सकते हैं। ग्राहकों को अन्य बीमा की अपेक्षा इसमें बोनस ज्यादा मिलता है। बीमा के लिए अलग से कोई एजेंट नहीं होते हैं। विभागीय कर्मचारी के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। वहीं कम से कम तीन वर्ष तक बीमा का प्रिमियम जमा करना भी अनिवार्य होगा। प्रेस कांफ्रेंस में मनोज तिवारी, अरविंद तिवारी आदि मौजूद थे।

# थाने में लूटपाट का आवेदन देकर पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सेल के क्रेशर प्लांट कटिंग कर रहे मजदूर के साथ बीती रात्रि हुआ लूटपाट और मारपीट कर खाद्य सामग्री लूटने संबंधी स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर पीड़ित ने कार्रवाई की मांग किया है। थाना में दिए आवेदन में बिहार के समस्तीपुर जिला के ताजपुर निवासी मुकेश कुमार साहनी ने मकरी निवासी सह पूर्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम व अन्य पर आवेदन दिया है। थाने में दिए आवेदन में मुकेश कुमार साहनी ने लिखा है कि मैं एनडी एलॉय कंपनी में काम करता हूं, मैं शनिवार की रात आठ बजे टोटो गाड़ी से मेस का समान भवनाथपुर बाजार से




खरीद कर सेल के एडीएम भवन लौट रहे थे कि उसी समय सेल के एडीएम गेट के पास धरना पर बैठे लोगों ने मेरे साथ गली गलौज करते हुए मारपीट किया और टोटो पर से समान छीन लिया। लालू राम पिता परमेश्वरी राम मकरी निवासी ने मारपीट गाली गलौज करते हुए धमकी दिया की तुम लोग जितना भी मजदूर हो यहां से भाग जाओ। टोटो पर मेरा 20 हजार रुपये का खाद्य सामान था। झामुमो नेता लल्लू राम से पूछे जाने पर कहा कि हम लोग शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं, क्रेशर प्लांट की कटिंग कर रहे ठेकेदार थाने में झूठा आवेदन देकर धरना को समाप्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि ना मैं और ना किसी मजदूर द्वारा किसी के साथ मारपीट नहीं किया गया है नहीं सामान को छिना गया है। थाना के एसआई प्रदीप उरांव से पूछे जाने पर कहा कि आवेदन मिला है, मामले की जांच की जा रही है।

# इस सप्ताह 'कॉफी विद एसडीएम' में क्षेत्र के दिव्यांग जन होंगे एसडीएम के मेहमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के दिव्यांगजनों को सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिए आगामी बुधवार 5 मार्च को 11:00 से 12:00 के बीच निर्धारित है। संजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र के दिव्यांग जनों के साथ उनके सहयोगी परिजन/अभिभावक भी कार्यक्रम में आ सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान संबंधित पदाधिकारियों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं



के बारे में विस्तार से बताया जायेगा। साथ ही इस बात की जानकारी जुटायी जायेगी कि उक्त कल्याणकारी योजनाओं का नियमानुसार लाभ/ सहायता लेने से कोई पात्र दिव्यांग भाई-बहन छूट तो नहीं रहा है।

एसडीओ ने बताया कि 'कॉफी विद एसडीएम' में जो दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे वे इस अनौपचारिक प्लेटफार्म के माध्यम से अपने समूह या क्षेत्र की बेहतरी को लेकर अपने सुझाव भी दे सकते हैं, उनके व्यवहारिक सुझावों को अमल में लाने का प्रयास किया जायेगा।

उन्होंने पुनः दोहराया कि 'कॉफी विद एसडीएम' प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद का एक अनौपचारिक प्लेटफार्म है जिसमें किसी व्यक्ति विशेष को अलग से निमंत्रण नहीं देकर समाचार पत्रों या सोशल मीडिया के माध्यम से ही सार्वजनिक निमंत्रण दिया जाता है। अतः इस सप्ताह के लिए उन्होंने सदर अनुमंडल क्षेत्र के दिव्यांगजनों से अपील की कि जो भी दिव्यांग भाई-बहन इस कार्यक्रम में सहभागी बनने के इच्छुक हों, वे आगामी बुधवार को 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय में सादर आमंत्रित हैं।

## झामुमो ने किया कमेटी का गठन, कई मुद्दों पर चर्चा



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के पचौर पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमेटी के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने किया। इस बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से पंचायत के पदाधिकारियों का चयन किया। नवगठित कमेटी में चंद्रदेव सिंह को अध्यक्ष, संजय कुमार सिंह व गौरी शंकर सिंह को उपाध्यक्ष, राजकुमार राम को सचिव, चंदन कु. रवि व बिरेंद्र सिंह को उप सचिव, रामबिचार सिंह को कोषाध्यक्ष, पंकज कुमार सिंह को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं 25 लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस गठन को झामुमो पार्टी के जनाधार को बढ़ाने और उसे सशक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। इस अवसर पर पंचायत प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य पंचायत स्तर पर जनहित के कार्यों को बढ़ावा देना और समाज में न्याय, समानता और समृद्धि लाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा किये गये इस गठन से आगामी चुनावों में पार्टी की ताकत में इजाफा होगा और पंचायतों में झामुमो का प्रभाव और मजबूत होगा। इस बैठक में जिला कार्यकारणी सदस्य नीलकंठ सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया और कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर पचौर बीडीसी संतोष सिंह, लालमुनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रंका में हाथी ने एक को कुचला, जख्मी

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के ग्राम बरवाही में हाथी ने रविवार के दोपहर में सुनिल उरांव ( 30 वर्ष लगभग) पिता बिगन उरांव को कुचल कर जख्मी कर दिया। सुनील उरांव किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहा। हालांकि सुनील उरांव के दाहिने पैर को कुचल दिया है। घटना के बाद लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज किया जा रहा है। बताते चलें कि इन दिनों रंका वन क्षेत्र में हाथियों के द्वारा लगातार आतंक जारी है। दो दिन पहले ग्राम बरदरी में हाथी घुस आये और कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिए। वहीं रास्ते में आये दो लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें बरदरी निवासी सुनील केरकेट्टा नामक युवक की मौत हो गयी और बौरही निवासी हरि कोरवा ज़िंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। इस प्रकार लगातार हाथियों के द्वारा हो रहे हमले के आतंक से लोगों में काफी दहशत और भय का माहौल बना हुआ है। इधर वन विभाग कान में तेल डालकर सोया हुआ है। विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का कोई पहल या उपाय नहीं किया जा रहा है जो घोर चिंता का विषय है।

# गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में एक भव्य आयोजन हुआ, जिसमें मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर कई प्रमुख जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और चिकित्सक उपस्थित हुए, जिन्होंने इस शिविर को सफलता की नयी ऊंचाई दी। आयोजन का शुभारंभ एसडीएम नीरज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, और सीओ प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस शिविर में चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा। डॉ साकेत कुमार सोनी, जो हृदय रोग विशेषज्ञ हैं, उन्होंने शिविर में अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा, डॉ मनीष कुमार सिंह, जो नस और लकवा रोग विशेषज्ञ हैं, डॉ दशरथ प्रसाद शाह, जो



लकवा, नस और हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं, और डॉ अन्नपूर्णाजी, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, ने भी शिविर में अपने अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ लोगों तक पहुंचाया। इसके अलावा, डॉ सीता शरण, दंत रोग विशेषज्ञ ने भी शिविर में लोगों के दांतों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया।

मंच संचालन का कार्य गायत्री परिवार के गढ़वा जिला समन्वयक नागेंद्र सिंह ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को व्यवस्थित रूप से चलाया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम नीरज कुमार को अशोक चौरसिया ने मुख्य अतिथियों को माथे पर तिलक लगाकर और अंग वस्त्र देकर उनका सम्मान किया। इस भव्य आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुति नंदन, सेवानिवृत शिक्षिका सत्या दुबे, अशोक कमलापुरी, विवेक सोनी, शोभा जायसवाल जैसे प्रमुख व्यक्तित्व भी मौजूद थे।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता फैलाना था, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द को भी बढ़ावा देना था।

# स्वर्णकार संघ ने आम सभा का आयोजन किया

**समाज की एकता और संगठन की मजबूती पर बल दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्वर्णकार संघ के संरक्षक रामनारायण सोनी की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन मां राधिका वाटिका में किया गया। इस बैठक में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में होली मिलन और आगामी सत्र के लिए संघ का चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी।

सभा में विशेष रूप से होली मिलन समारोह मनाने के लिए सभी सदस्यों और पदाधिकारी ने अपने विचार रखें। 16 मार्च 2025 को होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया।

आम सभा को संबोधित करते हुए गढ़वा स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि होली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम समाज में एकता और समरसता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह



एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें घर की महिलाएं, पुरुष, छोटे बच्चे सभी लोग एक मंच पर आते हैं और होली के उत्सव से आनंदित होते हम उम्मीद करते हैं कि हमारा यह आगामी कार्यक्रम समाज में एकता को प्रगाढ़ करेगा।

इस अवसर पर संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों ने समाज की एकता और संगठन की मजबूती पर बल देते हुए अपने बातों को रखा। बैठक में स्वर्णकार समाज के उत्थान और विकास से जुड़े विभिन्न बातों पर चर्चा की गयी।

इस बैठक में गढ़वा स्वर्णकार समाज के संरक्षक काशी नाथ सोनी, भुनेश्वर नाथ सोनी, मानिकचंद सोनी, सोबरन सोनी, सुदामा सोनी, मोहन चंद्र सोनार, प्रवीण सोनी, विजय सोनी, श्री संजय सोनी, डॉ सत्येंद्र सोनी, मुरली श्याम सोनी, संगठन मंत्री मुकेश सोनी, कृष्णा सोनी, कोषाध्यक्ष अरुण सोनी के साथ-साथ महिला स्वर्णकार संघ गढ़वा, अध्यक्ष सुमन सोनी, सचिव श्रीमती संध्या सोनी, कोसाध्यक्ष श्रीमती लीला सोनी के साथ साथ अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम के समापन में, संघ के उपाध्यक्ष डॉ अशोक सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और समाज की प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने की बातों को रखा।

## श्री मां चतुर्भुजी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू




**केतार (आजाद सिपाही)।** लोहिया समता उच्च विद्यालय स्थित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम में श्री श्री मां चतुभुर्जी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 का आगाज हुआ। यह अंतर राजकीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि समाज सेवी सह जिला परिषद उम्मीदवार पंकज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। पंकज सिंह ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के खेल से हमारे युवाओं में एक नई प्रतिभा की आगाज होगी। मेरा पूरा प्रयास रहेगा की हर एक वर्ष इस तरह का खेल का आयोजन होता रहे। मैच शुरू होने के बाद केतार पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार एकादश के बीच शो मैच के रूप में 10-10 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें केतार थाना ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अंत में केतार थाना विजेता तथा पत्रकार एकादश उपविजेता रहे। पुलिस की ओर से कैप्टन थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से युवा वर्ग में एक अच्छा संदेश जाता है। पत्रकार टीम की ओर से कैप्टन संतोष कुमार ने कहा कि हम लोग उप विजेता रहे। इससे हम लोगों को एक नया सिख मिला की अपने जीवन में सफल होने के लिए मेहनत, प्रयास निरंतर करना चाहिए। हार से हौसला को कमजोर नहीं होने देना चाहिए। शो मैच के बाद बिहार के नवाडीह मटियाँव टीम एवं झारखंड के बंशीधर नगर टिम के बीच 12-12 ओवर का मैच खेला गया, जिसमें बंशीधर नगर ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बिहार की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 150 रन बनाया। वहीं बंशीधर नगर के टीम ने 10 विकेट खोकर मात्र 41 रन ही सिमट गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से प्रमुख चंद्रावती देवी, टूर्नामेंट के अध्यक्ष बिट्टू सिंह, सचिव रामाश्रय मेहता, केतार भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मुखिया मूंगा साह,मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया श्याम सुंदर बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा मंदिर के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर निकाली गयी कलश यात्रा, भंडारा का आयोजन



कलश यात्रा में शामिल लोग और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हुए रंका के लोग।

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के छठा स्थापना दिवस के पावन अवसर पर रविवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। यह कलश यात्रा रंका की प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा तालाब पहुंचा, जहां कलश में पवित्र जल भरकर चौधरी मुहल्ला एवं मुख्य पथ होते हुए थाना मोड़ दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पहुंच कर श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर का परिक्रमा करते हुए कलश को स्थापित किया गया। तत्पश्चात सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया। दुर्गा मंदिर स्थापना एवं पूजा समिति के द्वारा आयोजित इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के द्वारा लोगों के बीच प्रसाद खिलाया गया, जिसमें समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान की भूमिका अजय प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी ने निभायी। जिसमें आचार्य भोला नाथ पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराया। इस मौके पर श्याम सुंदर प्रसाद, पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव मनिष चौधरी, मनोज कुमार निराला, सुनील माली, धर्मेंद्र पासवान, शशि कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बच्चों को स्वाध्याय पर अधिक ध्यान देने के लिए प्रेरित करें अभिभावक: अलखनाथ

**आरके पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल सोनपुरवा, गढ़वा में कक्षा 8वीं, 9वीं और 11वीं के शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, प्राचार्य संतोष पाण्डेय सहित अन्य प्रमुख अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर स्कूल के सभागार में छात्रों के परीक्षा परिणामों का वितरण भी किया गया। संगोष्ठी के दौरान निदेशक अलखनाथ पांडेय ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल की गौरवपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख किया और बताया कि स्कूल



1994 से निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को घर पर समय प्रबंधन और पढ़ाई के प्रति एकाग्रता पर विशेष ध्यान दें। बच्चों के साथ समय बिताना और स्कूल की गतिविधियों से जुड़े रहना बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को स्मार्टफोन और बाइक से दूर रखें और उन्हें स्वाध्याय पर अधिक ध्यान देने के लिए प्रेरित करें। श्री पांडेय ने यह भी कहा कि अभिभावकों और स्कूल के बीच बेहतर समन्वय से ही बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकता है।

श्री पांडेय ने इस अवसर पर नए दिशा-निर्देशों के बारे में बताया कि बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों को स्कूल के दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए, ताकि उनका चहुंमुखी विकास हो सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि स्कूल में छोटे बच्चों के लिए प्ले स्कूल की शुरूआत की जा रही है, जिसमें अनुभवी और योग्य शिक्षक अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा देंगे। इसके अलावा, कक्षा 1 में 25% बच्चों का नामांकन निःशुल्क किया जा रहा है, जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत होगा।

इस संगोष्ठी में उपप्राचार्य राजेश कुमार, परीक्षा संचालक देवेंद्र सिंह, अनुप कुमार पांडेय, विनय सिंह, सतीश तिवारी, राज चौबे, नंदलाल गुप्ता, सनोज यादव, एसडी सिंह, धीरज पांडेय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और संबंधित कक्षाओं के अभिभावक भी उपस्थित थे। संगोष्ठी का उद्देश्य बच्चों के शिक्षा स्तर को और भी बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों और स्कूल के बीच बेहतर तालमेल बनाना था, और इसमें स्पष्ट रूप से यह दिखा कि स्कूल के प्रत्येक शिक्षक और अभिभावक बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए एकजुट हैं।

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक 21 और 22 को होगी

खलारी (आजाद सिपाही)। कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक डकरा स्थित वीआइपी सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता मिथलेश सिंह संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया। बैठक में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान आगामी 21 व 22 मार्च को दो दिवसीय केंद्रीय सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दो दिवसीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर आगामी बैठक 9 मार्च को पुनः बैठक करने का भी भी निर्णय लिया गया। बैठक में रामा उरांव, इस्लाम अंसारी, अनूप रजक, रमेश सिंह, प्रधान मुंडा, रविंदर बैठा, विनोद सतनामी, राजेन्द्र चैहान, अफताब आलम, बिरमाल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़/बुंडू।** पहली घटना तिरुलडीह थाना क्षेत्र के कुकडू ब्लॉक के समीप एक बाइक से शनिवार को करीब रात 10 बजे दो युवक कुकडू से अपने गांव सिरूम जा रहे थे। उसी वक्त बाइक अनियंत्रित हो गये, जिससे दोनों युवक सड़क में गिर गये, जिसमें एक युवक अजंबर कुम्हार, उम्र 25 वर्ष की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गया और एक युवक नीलकंठ कुम्हार, उम्र-23 वर्ष बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही तिरुलडीह थाना




प्रभारी अविनाश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और मृत एवं घायल युवक को तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवक को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया और मृत युवक को रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया। घायल और मृत युवक निमडीह थाना अंतर्गत सिरुम गांव के रहने वाले है।

दूसरी घटना बुंडू थाना क्षेत्र के बुंडू सोनाहातू सड़क पर झारखंड बाजार के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से एक युवक की मृत्यु हो गयी और एक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक युवक दिलीप यादव उम्र 25 वर्ष ग्राम बुरुड़ीह थाना बुंडू निवासी था। जबकि घायल व्यक्ति मनसा महतो उम्र 18 वर्ष का अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स में बेहत्तर इलाज के लिए भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# मिशन संस्थाएं ईमानदारी से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कोचांग के गुरुडीह चर्च में रविवार को 150 वर्षीय जुबली मनायी गयी और आशा के तीर्थ स्थान के रूप में भी शुभारंभ किया गया। 1875 ई सर्वप्रथम फादर अगुस्तुस स्टॉकमन द्वारा चर्च का शुभारंभ किया गया था। उन्हीं की याद में 150 वर्षीय जुबली वर्ष मनाया गया। इसी के साथ शिक्षा का केंद्र भी खुला। वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं उच्च विद्यालय का संचालन मिशन संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है, जहां से ग्रामीण बच्चे हर साल अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस अवसर पर विशेष रूप मुख्य अतिथि के रूप में आर्चबिशप



विंसेंट आईंद ने अपने संदेश में कहा कि फादर अगुस्तुस स्टॉकमन अपने जीवनकाल में मुंडा आदिवासियों के बीच सेवाकाई एवं शिक्षा के प्रसार में अपना जीवन बिताया। बिशप विनय कंडुलना ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मिशन संस्थाएं बड़ी ईमानदारी से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री शिल्पी स्नेहा तिर्की ने मुंडा लोग बड़े दिल के होते है। उन्होंने हमें रोहतासगढ़ से आते हुए मुड़मा क्षेत्र में बसने के लिए जगह दी। तमाड़ के विधायक विकास मुंडा कोचांग को पर्यटन स्थल के रूप में विकासित करने का भरोसा दिया। कोलेबिरा के विधायक नमन पिक्सल कोनगाड़ी और फादर विशु बेंजामिन आईंद ने लोगों को शुभकामनाएं दी।

# सिङ्बोंगा की स्तुति से बढ़ता है प्रेम और भाईचारा : धर्मगुरु सोमा कंडीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के बांदू गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का पहला शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। डॉ सीताराम मुंडा, राजू पाहन, रोवा भेंगरा, रेशमा मिंजूर और सरोज तोपनो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराइयां दूर होती हैं और जीवन में सुख, शांति और



खुशहाली आती है। भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। हमें सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए। सिङबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है। धर्मगुरु भैयाराम मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरा है। उन्होंने धर्म-संस्कृति को बचाए रखने के लिए सामाजिक भेद-भाव, रुढ़िवादी सोच तथा धार्मिक-सामाजिक कुप्रथाओं का उन्मूलन कर सुसंगठित समाज बनाने का अह्वान किया। कार्यक्रम में बुधराम सिंह मुंडा, बिरसा कंडीर, जयराम गुड़िया, मंगा ओड़ेया, मंगल सिंह मुंडा, दुर्गा कच्छप, बाजू मुंडा, गोमेया पहान, जयपाल मुंडा, कोलय ओड़ेया, बंटी ओडेया, सुनिल गुड़िया, सुमित, जीतु, करमु, बलराम, लुथड्डू, बिरसा तोपनो आदि ने विचार व्यक्त किये।

# सिर कटी लाश की हुई पहचान, राजस्थान का व्यवसायी 27 लाख रुपये लेकर आया था रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मारंगहादा थानांतर्गत कुजराम से चुकरू जाने वाली सड़क पर जानुमडीह मोड़ के पास गत शुक्रवार की सुबह मिली युवक की सिर कटी लाश की पहचान हो गयी है। युवक की पहचान राजस्थान के जोधपुर जिला अंतर्गत भोपालगढ़ थाना क्षेत्र के हिमोली गांव निवासी पुखराज कुमार के रूप में हुई है। शव की पहचान उसके छोटे भाई महिपाल ने रविवार को खूंटी में आकर की। उसके भाई महिपाल ने बताया कि पुखराज कोयला का व्यवसायी था। वह 25 फरवरी को घर से 27 लाख रुपये लेकर रांची के लिए निकला था। रांची में उसे कोयला लोड कराना था। महिपाल की 27 फरवरी को रात लगभग साढ़े आठ बजे पुखराज से फोन पर बात हुई थी। तब पुखराज ने कहा था कि वह सही सलामत रांची पहुंच गया है। रांची में वह अपने कारोबारी मित्र तबारक के दोस्तों लक्ष्मण और राज के यहां रुका है। महिपाल ने उसी रात 9.45 बजे फिर से अपने भाई पुखराज से फोन पर बात करने का प्रयास किया, तो पुखराज का फोन स्विच ऑफ मिला। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह से कई एक बार उसने अपने भाई को फोन लगाया, लेकिन हर बार उसका फोन बंद मिला। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका से वह परेशान हो गया। इसी बीच सोशल मीडिया और न्यूज एजेंसी में उसने खूंटी में एक अज्ञात युवक की सिर कटी लाश मिलने का समाचार देखकर खूंटी पहुंचा और शव की पहचान अपने भाई के रूप में की। महिपाल का कहना है कि उसके भाई की हत्या उसके पास रखे 27 लाख रुपये को हड़पने की नीयत से की गई है। हत्याकांड में वही लोग शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने उसके भाई को रांची में अपने यहां रखा था। एसडीपीओ वरूण रजक ने बताया कि दो दिन पूर्व मारंगहादा थाना क्षेत्र में मिली सिर कटी लाश की पहचान हो गयी है। कांड के उद्वेदन एवं हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अग्रतर अनुसंधान एवं कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने दावा किया कि जल्द ही कांड में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया जायेगा।

## मनोहर महतो बने सांसद प्रतिनिधि

बुंडू (आजाद सिपाही)। खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने मनोहर महतो को बुंडू प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया हैं। मनोहर महतो के सांसद प्रतिनिधि बनने पर डॉ राधा रमन साहू, अनिल मंडल, शिवनाथ महली, भीम मछुआ, करीम खान, विदेशी मियां, बलदेव, नंदकिशोर, विजय पांडे, जीतू राम, नंदलाल मुंडा, रॉकी मछुआ, गणेश मुखियार, बलराम महतो, पुष्कर मुंडा, मोहम्मद रयूब आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



मनोहर महतो सांसद प्रतिनिधि

## राष्ट्रीय जनता दलः संतोष साहू जिला उपाध्यक्ष और द्वारिका महतो सिल्ली प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत

सिल्ली (आजाद सिपाही)। रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने सिल्ली निवासी संतोष कुमार साहू को जिला उपाध्यक्ष और द्वारिका महतो को सिल्ली प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके मनोनित होने पर जिला के तमाम पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है रजत कार्यालय में प्रधान महासचिव राम भजन सिंह, कमलेश कुमार, चंचल कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तोरपा में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया के सौजन्य से रविवार को नगर भवन तोरपा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें देवनिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तुपुदाना, रांची के चिकित्सकों ने दर्जनों रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हर संभव स्वस्थ्य सुविधा मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के स्वाथ्स्य जांच शिविरों का आयोजन किया जायेगा। मौके पर विधायक ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इसके पूर्व देविनिका अस्पताल के डॉक्टर और अन्य लोगों ने विधायक का स्वागत किया। शिविर में जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने भी अपनी स्वस्थ्य जांच करायी। मौके पर जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, रूबेन तोपनो, प्रदीप केशरी आदि उपस्थित थे।



# 14 साल पुराने जमीन विवाद का आपसी सहमती से हुआ निबटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज में जमीन संबंधी 14 साल पुराने मामले को लेकर पंचायत बैठी, पीड़िता को न्याय दिलाया, दोनों पक्ष खुश। मामला मैकलुस्कीगंज स्थित लपरा टोला का है। लपरा निवासी बिनोद महतो जिसका घर मुख्य सड़क से पीछे में अवस्थित था, उसके घर के सामने की जमीन किसी दूसरे का था, उसको घर से सड़क पर निकलने का कोई रास्ता नही था, उसकी पत्नी ने अपने मुखिया सहित गणमान्य लोगों से रास्ता के लिए गुहार लगाती रही,लेकिन असल बात ये था कि कोई भी व्यक्ति क्यो किसी को अपनी जमीन पर रास्ता देगा?बात बढ़ता गया इसी दरम्यान जिसकी जमीन थी उसने उस जमीन को हेसालौंग गांव निवासी दीपक साहू



को बेच दिया। जमीन खरीदने के बाद दीपक साहू ने उसमे अपना बाउंडरी बना लिया, उस बीच भी बिनोद एवं उसकी पत्नी समाज से लेकर प्रशासन तक गुहार लगाया लेकिन कोई परिणाम नही निकला। इस दौरान कोर्ट में मामला भी पहुँच गया। इधर बिनोद एवं उसकी पत्नी समाज व लपरा मुखिया के पास रास्ता के लिए बराबर मिन्नते करती रही। रविवार 2 मार्च 25 को मुखिया पुतुल देवी ने स्वयं पहल करते हुए समाज के अन्य वरिष्ट लोगों की उपस्थिति में दोनों पक्ष, बिनोद महतो एवं दीपक साहू को बुलाया एवं मामला को सलटाने की बात कही। दोनों पक्ष गंभीरता से पंचायत की बातों को सुने एवं निर्णय लिया कि दीपक साहू रास्ता के लिए चार फीट जमीन स्वेक्षा से छोड़ेंगे, साथ ही पूर्व में आपसी सहमति के बाद बिनोद महतो की जमीन पर जो बॉउंड्री दिया है उसे भी हटा लेंगे। पंचायत में दीपक साहू के निर्णय की सराहना की गई। बैठक में मुख्य रूप से रोहित यादव, सुरेंद्र यादव, मनदीप यादव, नागदीप यादव, रंजना गिरी, लखन प्रसाद, जितेंद्र, बिजय, गोपाल सहित दर्जनों व्यक्ति मौजूद थे।

# भाजपा का संगठनात्मक ढांचा जमीनी स्तर से मजबूत : नंदजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय खूंटी में रविवार को संगठनात्मक चुनाव और बूथ समिति पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। इसके उपरांत वंदे मातरम का गान हुआ। बैठक में प्रदेश मंत्री और जिला चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद तथा संतोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना ने किया। मुख्य अतिथि नंदजी प्रसाद ने बूथ गठन, मंडल अध्यक्ष चयन




और जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा जमीनी स्तर से मजबूत होता है और इसके लिए बूथ स्तर पर मजबूती अनिवार्य है। बूथ गठन प्रक्रिया, प्रत्येक बूथ पर 21 से 25 सदस्यीय समिति गठित की जायेगी, जिसमें बूथ अध्यक्ष, सचिव, बीएल2 सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जायेगी। प्रत्येक मंडल में बूथ समितियों से समन्वय कर मंडल अध्यक्ष का चयन किया जायेगा, जिसमें संगठन की रीति-नीति के अनुरूप अनुभवी एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जायेगी। मंडल अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सहमति से लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत जिला अध्यक्ष का चयन किया जायेगा। बैठक में जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी उपस्थित थे। साथ ही, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियांक भगत, पुरेंद्र मांझी, रामध्यान सिंह, कलिंदर राम, राजेश महतो, अर्जुन पाहन, परशुराम दास, सीताराम, भगीरथ राय, योगेंद्र नायक, विनोद नाग, जगरनाथ आदि उपस्थित थे।

## खलारीः संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक में प्रबंधन को जल्द दिया जायेगा मांग पत्र

खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा वीआईपी सभागार मे संयुक्त श्रमिक संगठन के वरीय पदाधिकारियों की बैठक मिथलेश कुमार सिंह कि अध्यक्षता में की गयी। बैठक का संचालन शैलेश कुमार ने किया। बैठक में एनके क्षेत्र की कई समस्याओं पर चर्चा की गयी, जिसमें एनके प्रबंधन को एक मांग पत्र संयुक्त रूप से देने का निर्णय लिया गया। मांगों में असैनिक, विद्युत एवं यांत्रिक विभाग द्वारा एएमसी या अन्य माध्यम से कराये जा रहे कार्यों की सूची बजट के साथ श्रमिक संगठन को उपलब्ध कराने, वित्तीय वर्ष 2025-26 का एक्शन प्लान श्रमिक संगठन के साथ मिलकर बनाने एवं कार्य करने, असैनिक व विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के कार्य हेतु परियोजना स्तर पर फंड उपलब्ध कराने, ताकि परियोजना स्तर पर कामगारों के आवास का मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर हो सके, सेवानृवित कामगारो एवं मृत कामगारो के आश्रितों को सामजिक सुरक्षा के तहत होने वाले भुगतान जैसे ग्रेच्युटी, एलसीएस, लिव इन्क्रीमेंट, ईबीएसएफ, सीएमपीएफ, पेंशन सहित अन्य समय से करने, सभी कामगारो के सेवा पुस्तिका एवं दस्तावेजों में नाम, उम्र या अन्य कामगारो एवं उनके परिवारों का जो त्रुटिया है उसे एक निश्चित अवधि में सुधार कर लें। अगर त्रुटि है तो कामगार को सूचित करने, मृत कामगारो के आश्रितों को जब तक नौकरी नहीं हो जाती, तब तक आवास के संदर्भ में किसी तरह का कोई कटौती नहीं करने, सेवानृवित कामगारो को ग्रेस अवधि के अंतर्गत किसी तरह का कटौती नहीं करने, केडीएच व डकरा उत्पादन वाले माइंस से बिना श्रमिक संगठन के जानकारी दिए कामगारों को अन्य परियोजना में स्थातरण किया गया। साथ ही संयुक्त श्रमिक संगठन की ओर से कहा गया कि अगर प्रबंधन उपरोक्त समस्याओं सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आगे की रणनीति पर पुनः बैठक कर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में अमरभूषण सिंह, कृष्णा चैहान, सुनील कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, राघो चैबे, तिला महतो उपस्थित थे।



## राय में ग्रामीणों ने बैठक कर रामनवमी और सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



खलारी (आजाद सिपाही)। राय पंचायत भवन में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विजय पहान एवं संचालन दुर्गा प्रसाद महतो ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा पूरे धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक मे पिछले वर्ष के आय व्यय का हिसाब किया गया। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 05 मार्च को सुबह 9 बजे से पंचायत भवन राय मे पुनः बैठक होगी। जिसमे भी रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा को सफल बनाने के लिए कमिटी का गठन किया जाएगा। वहीं अध्यक्षता कर रहे विजय पहान ने 05 मार्च की बैठक राय पंचायत के ग्रामीण से सुबह 09 बजे पंचायत भवन राय में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक मे प्रदीप उरांव, भरत राम, राजेश कुमार महतो, भुवनेश्वर महतो, मनोज महतो, दीपक महतो, रूपेश महतो, मंगरू मुंडा, गणेश कुमार महतो, हरिष कुमार, राम कुमार भुईयां आदि उपस्थित थे।

## सरहुल पूजा को लेकर महावीर नगर कमाती धौड़ा सरना स्थल पर बैठक कल

खलारी (आजाद सिपाही)। महावीर नगर कमाती धौड़ा सरना स्थल पर चार मार्च दिन मंगलवार को सरहुल पूजा को लेकर सरना समिति महावीर नगर कमाती धौड़ा के तत्वाधान में होगी। उक्त आश्य की जानकारी देते हुए सरना समिति महावीर नगर कमाती धौड़ा के राजकुमार उरांव ने बताया कि बैठक में सरहुल पूजा के सफल आयोजन के लिए रूप रेखा तैयार किया जायेगा। वहीं उन्होने आदिवासी समाज के सभी लोगों से बैठक में अवश्य रूप में शामिल होने की अपील की।

# हर ओर खिले सूर्ख पलाश पुष्प करा रहे हैं हिंदू नववर्ष के आगमन का अहसास

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** गांवों, जंगलों और सड़क किनारे जगह-जगह पर खिले सूर्ख पलाश के और सेमल के फूल इस बात का आभास करा रहे हैं कि हिंदुओं का नव वर्ष आने वाला है। रंगों का त्योहार होली के साथ ही नव वर्ष भी शुरू हो जायेगा। बसंत पंचमी के आते ही खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों और जंगलों में पलाश के फूल प्रकृति की शोभा बढ़ा रहे हैं। इसीलिए कहा जाता है कि पलाश या टेसू के फूल प्रकृति के श्रृंगार हैं और इसके सूर्ख रंग और आकार दीये की तरह होता है। इसकी बनावट के कारण ही अंग्रेजी साहित्यकारों ने इसे फ्लेम ऑफ फोरेस्ट या वन ज्योति की संज्ञा दी है। इन दिनों खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिंहभूम कहीं भी चले जाएं, हर ओर खिले पलाश के फूल बरबस ही आपका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि चैत्र के महीने में प्रकृति भी अपने सुंदरतम



रूप में होती है। झारखंड का राजकीय पुष्प भी पलाश ही है।

**पलाश फूल से बनाये जाते हैं रंग और गुलाल :** पलाश और सेमल के फूलों का उपयोग होली के दौरान रंग और गुलाल बनाने में किया जाता रहा है। कर्रा रोड खूंटी की रहनेवाले वरिष्ठ पत्रकार अरूण चौधरी कहते हैं कि भले ही आज के बच्चे केमिकलयुक्त रंगों से होली खेलते हो, पर पहले लोग पलाश और सेमल के फूलों से रंग और गुलाल बनाते थे। रंग बनाने के लिए फूलों को किसी बड़े बर्तन में रात भर आग में पकाया जाता है। वहीं गुलाल बनाने के लिए फूलों को धूप में सुखाया जाता है और पीसकर गुलाल तैयार किया जाता है। एक किलो फूल से लगभग आठ सौ ग्राम गुलाल तैयार हो जाता है। तोरपा के सामाजिक कार्यकर्ता धमेंद्र कुमार कहते हैं कि हमें हर हाल में प्रकृति के साथ चलना होगा। पलाश और सेमल के फूलों से बने रंग शरीर के लिए काफी लाभदायक हैं। इसलिए हमें रसायन युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्राकृतिक रंग से होली में पानी की भी बचत होती है। तोरपा के वैद्य नंदू महतो कहते हैं कि पलाश औषधीय गुणों की खान हैं। इसका उपयोग कई तरह की बीमरियों के इलाज में किया जाता है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जयसवाल कहते हैं कि सरकार को चाहिए कि वह पलाश के फूलों की खरीदारी कर उससे प्राकृतिक रंग और गुलाल का निर्माण कराए। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और लोगों का प्रकृति से जुड़ाव भी होगा। झामुमो के नेता प्रदीप केशरी कहते हैं कि पूरे खूंटी जिले में भारी मात्रा में पलाश के फूल पाये जाते हैं। इसका कहीं सदुपयोग नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इसके व्यावसायिक उपयोग के बारे में विचार करना चाहिए।

**पलाश पेड़ों की भरमार है खूंटी जिले में :** खूंटी जिले में प्रचूर मात्रा में पलाश के पेड़ पाये जाते हैं, पर इसके उपयोग पर सरकर या प्रशासन ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। जेएसएलपीएस के एक अधिकारी बताते हैं कि पलाश के फूलों के व्यावसायिक उपयोग के बारे में जिला प्रशासन विचार कर रहा है। पलामू और हजारीबाग जिले में प्रशासन वलाश के फूलों से रंग और गुलाल बनाने के लिए पलाश के फूलों की खरीदारी करता है। प्रशासन द्वारा 25 से 30 रुपये प्रति किलो की दर से पलाश के फूलों की खरीदारी कर रहा है। इससे स्थानीय लोगों को कुछ समय के लिए रोजगार मिल जाता है।

## जनता मजदूर संघ के दो दिवसीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर संचालन समिति ने की बैठक



खलारी (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ की आगामी 07 और 08 मार्च को दो दिवसीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर संचालन समिति की बैठक कथारा गेस्ट हाउस में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं संचालन एनके एरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान दो दिवसीय अधिवेशन की रूप रेखा संचालन समिति के संयोजक ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह की निगरानी में समिति सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए तैयार किया। बैठक में बरकाकाना से उदय सिंह, मगध संघमित्रा से आशीष दुबे, धोरी से विकास कुमार सिंह, धीरज कुमार पांडेय, बीएंडके से राहुल, संतोष के अलावा संचालन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# खरवार भोगता समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक बुढ़मू प्रखंड के ओझासड़म पंचायत के दूनी भुटकी गांव में हुई। जिसकी अध्यक्षता बालदेव गंझू एवं संचालन बिरजू गंझू ने किया। बैठक में रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एवं जिला सह सहसचिव प्रभाकर गंझू उपस्थित थे। इस दौरान बैठक में 28 मार्च को रांची में आयोजित होने वाले वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर शाही भोगता के शहादत दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सैकड़ों लोगों के कार्यक्रम में अपने पारंपरिक वेश भूषा के साथ शामिल होने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा समाज में बच्चों को शिक्षित करने एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सामाजिक एकजुटता पर बल दिया गया। बैठक में भीम गंझु, रघु गंझु, अजय गंझू, वीरेंद्र गंझू, राजकुमार गंझु, अरुण कुमार गंझू, भजन गंझू, सुजीत गंझू, सुनील कुमार गंझू, प्रभु गंझू, संजीव कुमार, प्रदीप भोगता, शंकर गंझू, महेश्वर कुमार गंझू, शिकारी गंझू, अर्जुन गंझू, सुमन कुमार गंझू, संजय गंझू, भूकन गंझू, बबिता कुमारी, पार्वती भोगता, प्रमिला देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

## बाल समिति के नन्हें सदस्यों ने किया सुंदरकांड पाठ



**इटकी (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर प्रांगण में बाल समिति के नन्हें सदस्यों द्वारा रविवार को सुंदरकांड का 34वां पाठ संपन्न किया गया। सुंदरकांड पाठ का यह कारवां साल 2024 के जुलाई महीने में रथ पूजा के बाद से गोविंद सोनी के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया। यह पाठ पहले हनुमान मंदिर प्रांगण में किया जाता था। जब यह कारवां बढ़ता गया और जगह की कमी होने लगी तो समिति ने अब कोइरी टोला सरना टोली सहित अन्य मोहल्ले के सैकड़ो बच्चों द्वारा किया जाता है। सुंदरकांड बाल समिति में विद्यालय से लेकर कॉलेज तक के पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रविवार को किया जाता है। टीम के कुछ बच्चे भोग बनाते हैं और मंदिर प्रांगण में ही बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सफाई तक कर जाते हैं। इस पूरे कार्यक्रम में अर्पण, अनुपम साहित सैकड़ो सुंदरकांड बाल समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**पहल : विधिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

# आम लोगों को जागरूक कर लाभ पहुंचाना ही लक्ष्य: प्रवीण श्रीवास्तव

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** डालसा की ओर से चलाए जा रहे 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड के राजाडेरा पंचायत सचिवालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विचाराधीन बंदियों और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्ग के लोगों को डालसा की ओर से मुकदमा लड़ने एवं उपने बचाव के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह और बाल मजदूरी अपराध है। अभिभावक अपने बच्चों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। छोटे बच्चों से काम ना करायें, बल्कि उन्हें उचित शिक्षा दें। डायन-बिसाही भी अपराध हैं। किसी भी स्त्री या पुरूष को डायन कहना गलत है। उन्होंने स्पॉन्सरसीप योजना, बाल आशीर्वाद योजना सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, पीएलवी बेबी सिन्हा ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना, गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में बताई। पीएलवी मालती कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शीला देवी ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन पर कंद्रित किया। कहा कि अपनी बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। वहीं, डालसा के पीएलवी ने आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वादकारी उक्त तिथि को रांची व्यवहार न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से करा सकते है। इससे धन एवं समय की बचत होगी। कार्यक्रम में जीएसपीएस की संगीता देवी, राजा वर्मा आदि उपस्थित थे।




लोगों को जागरूक करते डालसा के सदस्य।

# झारखंड आंदोलनकारियों को भी सम्मान दे राज्य सरकार : राजू महतो



**झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संगठन का विस्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** पोकटा बगीचा में झारखंड आंदोलनकारी महासभा की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता बिरसा मुंडा ने की। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के निर्माण के बाद भी अब तक झारखंड आंदोलनकारियों को पहचान-सम्मान और व्यवस्थाओं का लाभ नहीं दिया गया है। वर्तमान में झारखंड सरकार के सभी विधायकों, सांसदों और मंत्रियों से मिलकर आग्रह किया जाएगा कि अविलंब झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान करें। वहीं, मुख्य वक्ता केंद्रीय संयोजिका विनीता खलखो, एरेन कच्छप और गोपाल महतो ने भी अपने-अपने विचार रखे। दूसरी ओर, बैठक में झारखंड आंदोलनकारी महासभा का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष बिरसा मुंडा, उपाध्यक्ष लोहारा उरांव, महासचिव ढूंढे प्रधान, संगठन सचिव ओढ़गा उरांव, प्रेस सचिव प्रभु मुंडा, महिला मोर्चा अध्यक्ष बिना तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष गांदूरी उरांव का चयन सर्वसमिति से किया गया। बैठक में केंद्रीय संयोजिका विनीता खलखो, गोपाल महतो, विशु उरांव, तीला भगत, गुना उरांव, चरवा उरांव, गैब्रियल होरो, बैजू उरांव, दशरथ मुंडा, बलबाल मुंडा, गंदूरा उरांव, अयाची उराईन आदि उपस्थित रहे।

# पहड़ा व्यवस्था को समाज में कायम रखने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है : जुगेश उरांव

**बेड़ो के जामटोली गांव में पड़हा संगठन यात्रा की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव के ऐतिहासिक जतरा बगीचा में रविवार को 12 पड़हा राजा विशाल उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पड़हा समाज की एकजुटता को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पड़हा गांव में पड़हा भवन बनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि पड़हा व्यवस्था समाज में रहने वाले सभी जाति-समुदाय के लोगों की समाजिक, प्रशासनिक एवं न्यायिक व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि पड़हा व्यवस्था हमारे समाज में कायम रहे, इसके लिए सभी समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। पड़हा व्यवस्था की ही देन है कि हमारा समाज सशक्त है। इसकी एकजुटता को बचा कर रखने की जरूरत है। वहीं 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा ने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने पड़हा समाज के उत्थान के लिए पड़हा गांव में पड़हा भवन बनाने की बात कही। बैठक में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की संरक्षक नीलमणी भगत, सचिव धनंजय कुमार राय, 24 पड़हा दिवान भौआ उरांव, दीवान विरूवा उरांव, प्रभाकर कुजूर, झामुमो के संयोजक रवि निरंजन टोप्पो, कोटवार मंगरा मुंडा महतो, लाखो उरांव, पुजार मंगु उरांव और झारखंड आंदोलनकारी बोदे उरांव ने पड़हा संगठन के साथ पड़हा एकजुटता को लेकर अपने विचार रखे। बैठक का संचालन 12 एवं 21 पड़हा के सचिव चरवा उरांव ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा, पीटर तिर्की, झुबा उरांव, मंगरा उरांव, बंदे उरांव, सोमरा उरांव, महावीर मुंडा, एतवा उरांव, लेदो उरांव, पंचम उरांव आदि मौजूद थे।

# प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन वेदी और गौरी-गणेश की हुई पूजा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर परिसर में नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी के मंदिर का 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ महोत्सव शुरु हो चुका है। इसके दूसरे दिन रविवार को यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्य अंचल पाठक, मृत्यंजय पाठक, विकास पाठक, नरोत्तम पांडेय, भरतेंदु द्विवेदी, ध्रुव मिश्रा, आशुतोष पांडेय और सोनू पांडेय की अगुवाई में बतौर मुख्य यजमान साधन कुमार राय सपत्नी लखी राय, राजेंद्र साहू अनिता देवी, सुदामा वर्मा, संगीता देवी, जोगिंद्र महतो, सुलेखा महतो, परना महतो सारिका देवी, उमेश महतो, मीना देवी, संजीत साहू आदि ने वैदिक रीति रिवाज से पंचांग पूजन, भूमि शोधन, भूमि पूजन, भगवान गणेश, मां गौरी, लक्ष्मी, सरस्वती कलश पात्र से पृथ्वी पूजन, सभी कलश को मंडप के इशान कोण में स्थापित कराया। वहीं, नव दुर्गा सप्तशती पाठ, देवी सुक्त पाठ, देवी अथर्वशीर्ष पाठ, शांति पाठ, दुर्गा सहस्त्रनाम पाठ, नारायण सहस्त्रनाम पाठ, गणेश अथर्वशीर्ष पाठ, हनुमान पाठ किया गया। शाम में वृंदावन से आए कथा वाचिका रश्मि किशोरी ने संगीतमय कथा सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक पंडा, सोनू पंडा, सौमित्र शर्मा, मुकेश कुमार राय, महावीर गोप, पंकज गुप्ता, अंकित सोनी, शिवेंद्र सौरभ, दशरथ गोप, शशि गोप, राजू सिंह आदि समर्पण भाव से लगे हुए हैं।

# सरहुल महापर्व की तैयारियों को लेकर बैठक

**- दो अप्रैल को श्रद्धा सरना समिति की वर्षगांठ और तीन को निकाली जायेगी विशाल सरहुल शोभा यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सरहूल महापर्व को लेकर गेतलसूद बजरंग चौक स्थित सरना प्रांगण में रविवार को श्रद्धा सरना समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने किया। बैठक में सरहुल महोत्सव के सफल आयोजन एवं तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि एक अप्रैल को विधिवत सरहूल पूजा की जाएगी। जबकि दो अप्रैल को सरना व्रती अपना व्रत तोड़ेंगी। इसी दिन समिति का 22वां वर्षगांठ भी मनाया जायेगा और तीन अप्रैल को विशाल सरहुल शोभायात्रा सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष अजय उरांव ने बताया कि दो अप्रैल को शोभायात्रा निकाले जाने का कार्यक्रम तय किया गया था। हालांकि इसी दिन श्रद्धा सरना समिति का 22वां वर्षगांठ समारोह भी आयोजित है। ऐसे में सामूहिक निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा अब तीन अप्रैल को ही निकाला जाएगा। अगली बैठक छह मार्च को होगी जिसमें कार्यक्रम संचालन के लिए नई कमेटी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य पुजारी राजदेव पाहन, मुखिया प्रतिनिधी गौरी शंकर मुंडा, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम उरांव, समिति के मीडिया प्रभारी कुलेश्वर मुण्डा, बिट्टू उरांव, मोहन उरांव, नीरज मुण्डा, अनिल उरांव, बिरसा उरांव, गोलू कच्छप, सूमित उरांव, संदीप उरांव, संजीत उरांव, प्रवीण उरांव , सुभम उरांव, दिवंश उरांव, निशांत उरांव, चिन्टू उरांव, आजादी उरांव आदि मौजूद थे।

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ ने पडरिया कांड पर जतायी चिंता, त्वरित न्याय की मांग की



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बिहार के नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के पडरिया गांव में हाल ही में हुई लोमहर्षक घटना को लेकर सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की रांची ग्रामीण जिला इकाई ने चिंता व्यक्त की है। महासंघ के पदाधिकारियों ने इस घटना को समाज के लिए शर्मनाक बताते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। रांची ग्रामीण जिला इकाई के अध्यक्ष गिरधर मिश्र, अभय मिश्र, अमित मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने बिहार सरकार से पीड़ित परिवारों को त्वरित न्याय दिलाने की अपील की है। महासंघ ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय के प्रयासों की सराहना की, जिनकी पहल से बिहार पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अध्यक्ष गिरधर मिश्र ने कहा कि पडरिया गांव में ब्राह्मण परिवार की महिलाओं के साथ हुई बर्बरता की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। यह ना केवल एक निंदनीय कृत्य है, बल्कि सभ्य समाज के चेहरे पर कालिख पोतने जैसा है। महासंघ ने बिहार सरकार से दोषियों के खिलाफ अविलंब कठोर कानूनी कार्रवाई करने और अदालत में तेजी से सुनवाई कर उन्हें कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। इस मौके पर महासंघ के भोला नाथ मिश्रा, चंदन नाथ मिश्रा, विजय नाथ मिश्रा, उदय कुमार मिश्रा, डॉ अभिषेक रंजन मिश्रा, पंकज मिश्रा, विकास पुष्पराज, हलधर मिश्रा, चक्रधर, श्रीधर आदि शामिल थे। सभी ने मिलकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी सजा देने की अपील की।

# नामकुम थाना में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना में रविवार को समारोह आयोजित कर नवनियुक्त थाना प्रभारी मनोज कुमार का स्वागत किया गया, वहीं पूर्व थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को विदाई दी गई। समारोह में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने शॉल और बुके भेंट कर दोनों अधिकारियों का सम्मान किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद के कार्यकाल की सराहना की और नए प्रभारी मनोज कुमार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर मुखिया अनिता तिर्की, मनोज कुमार सिंह, रमेश पांडेय, अनिल वर्मा, संजीव उर्फ छोटू सिंह, मो सज्जाद, दुर्गा साहू सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने थाना क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

# टाटीसिलवे नवमी डोल मेला में आजसू लगायेगा सेवा शिविर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे डोल बगीचा में प्रति वर्ष लगने वाले ऐतिहासिक नवमी डोल मेला के सफल आयोजन को लेकर रविवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनंजय शाही ने की। बैठक में मुख्य रूप से नवमी डोल मेला के सफल संचालन एवं तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान हर वर्ष की तरह इस बार भी मेला में आजसू की ओर से सेवा शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत मेला स्थल में स्वास्थ्य, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, चना सरबत आदि सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। बताया गया कि मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए महिला एवं पुरूष वोलेंटियर्श की तैनाती की जाएगी जो पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगे। बैठक में आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक, जितेन्द्र सिंह, बीरबल बैठा, उमेश महतो, जगरनाथ महतो, रामदेव महतो, रंजीत महतो, कन्हैया सिन्हा, विनोद बर्नवाल, विजय नायक, मानकी दीवान शाही, दिलीप सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

**सक्रिय सदस्यों की जांच एवं सत्यापन कार्य अंतिम चरण में**

# भाजपा में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य होना जरूरी : जैलेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यों की जांच एवं सत्यापन प्रक्रिया रविवार को नामकुम बाजार स्थित समाधान केंद्र में संपन्न हुई। यह कार्यक्रम भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सत्यापन कार्य में भाजपा झारखंड की ओर से नियुक्त सत्यापन पदाधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता ओम सिंह और सहप्रभारी सह पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर ओम सिंह ने बताया कि एक से पांच मार्च तक बूथ कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसके बाद मंडल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। कहा कि मंडल गठन के लिए 50 प्रतिशत बूथों में सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है। वहीं, जैलेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि जो अब तक सक्रिय सदस्य नहीं बन पाए है, वे जल्द से जल्द अपनी सदस्यता प्रक्रिया पूरी कर लें। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान भाजपा नेताओं ने सदस्यता अभियान के तहत बनाये गये सक्रिय सदस्यों की विस्तृत जांच की। इस मौके पर सह सत्यापन पदाधिकारी सह सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, प्रज्ञा भारती, जयंती देवी, राजपाल साहू, सविता देवी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिमलिया ग्राम में सरकार की महत्वकांक्षी सोना सोबरन योजना के तहत रविवार को जविप्र के लाभूको के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। वितरण ग्राम प्रधान तुलेश्वर पाहन के हाथों कराया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना काफी अच्छी है। गरीबों को इसका लाभ मिल रहा है। मात्र 10 रुपए में धोती साड़ी उपलब्ध कराकर एक तरह से गरीबों को आर्थिक मदद पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर डीलर ननकु महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, घुमेश्वर पाहन आदि मौजूद थे।

## बासंतिक दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर वर्किंग कमेटी की हुई बैठक

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** आइइएल गवर्नमेंट कॉलोनी काली मंदिर प्रांगण में श्रीश्री सार्वजनिक बांसतिक दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर रविवार को वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष हरेंद्र कुमार उर्फ हरि सिंह और संचालन राम प्रताप यादव ने किया। हरि सिंह ने कहा कि बासंतिक दुर्गा पूजा इस वर्ष भी धूमधाम से मनायी जायेगा। पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभीलोगों का आर्थिक और शारिरीक सहयोग की अपेक्षा है।

# गोली लगने से व्यक्ति घायल, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के हरी टोली गांव में गोली लगने से 45 वर्षीय लहरु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके सीने में लगी है। घटना रविवार की सुबह 9 बजे की है। इसके बाद परिजन निजी वाहन से घायल को सिसई के एक निजी अस्पताल लेकर गये। जहां एक्स-रे व प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार की अपराह्न 3:30 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में घायल की जांच की गयी जांच के क्रम में पता चला की गोली उसके सीने की हड्डी में फंस गया है। इसके बाद व्यक्ति को रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ किया लेकिन परिजन टालमटोल कर गोलगोल जवाब देने लगे। काफी पूछने पर बताया रविवार सुबह लहरु हरी जंगल की ओर गया था जहां उसे एक जिंदा गोली मिला। उसे वह पत्थर से कुचने लगा। तभी गोली उसके सीने के अंदर में चला गया। लेकिन वहां मौजूद लोगों को उनकी बातों पर यकीन नहीं हुआ। डॉक्टर ने बताया गोली काफी गहराई में घुसकर हड्डी के बीच में अटक गया है। जिसका सदर अस्पताल में इलाज संभव नहीं है। संभावना जतायी जा रही है कि किसी ने व्यक्ति को गोली मारी है लेकिन परिजन पूरे मामले को छिपा रहे हैं।

# तेलंगाना से 85 मजदूर लौट रहे गुमला, ना मजदूरी मिली, ना मदद, छिपकर भागे मजदूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** तेलंगाना के श्रीशैलम सुरंग में हुए हादसे के बाद काफी बुरी अवस्था में गुमला के 85 मजदूर लौट रहे हैं। बताया जा रहा है कि भूखे प्यासे घंटों का सफर तय कर ये मजदूर गुमला लौट रहे हैं। शुक्रवार की देर रात 30 मजदूरों का दल गुमला पहुंच चुका है। वही एक दल के शनिवार को गुमला पहुंचने की संभावना है। सभी मजदूर गुमला जिले के पालकोट, घाघरा, रायडीह, सिसई व अन्य प्रखंडों के बताए जा रहे हैं। मजदूरों के दल को लेकर लौट रहे बॉबी साहू ने बताया कि हादसे के पहले सभी टनल के अंदर काम कर रहे थे लेकिन हादसे के वक्त मुहाने पर ही थे सभी मजदूर हादसे के बाद टनल से भागकर जान बचाए जबकि गुमला के चार साथी अंदर ही फंस गए। वहीं, मजदूरों के फंसने और समय पर मदद नहीं मिलने के कारण सभी डर गये। सबसे अजीब बात तो यह है कि अभी तक कंपनी ने मजदूरों की बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। बकाया पैसा कंपनी से मांगे जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं दिया गया है। मजदूरों का कहना है कि अब पुनः तेलंगाना नहीं जाएंगे, गांव घर में रहकर खेती बाड़ी करेंगे।

## घर लौटे डेढ़ दर्जन मजदूर, अनुज का रेस्क्यू जारी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खम्भिया कुंबाटोली गांव से तेलंगाना टनल प्रोजेक्ट में काम करने गए डेढ़ दर्जन से ऊपर मजदूर रविवार को अपने घर लौट गए। तेलंगाना से लौटे कुंबाटोली और खम्भिया गांव के मजदूरों ने बताया कि विगत 22 फरवरी को दिन के 8:30 बजे टनल प्रोजेक्ट में हादसा हुई। जिसमें गांव के अनुज साहू सहित अन्य आठ मजदूर उस टनल में फंसे हुए हैं। जिसका रेस्क्यू जारी है। इसके बाद हम सभी को संबंधित ठेकेदार द्वारा कहा गया कि आप सभी अन्य मजदूरों का टेंशन ना ले कम करें। इसके बाद हादसे को देखने के बाद हम लोग काफी भयभीत हो गए और अपने परिजनों से मोबाइल में पैसा मांगा कर वापस अपने गांव आज लौट गए। इस क्रम में एक-एक मजदूर का चार हजार रुपया आने में खर्च हुई। वही मजदूरों ने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार का कोई भी सहयोग उक्त टनल प्रोजेक्ट में काम करने वाले कंपनी द्वारा नहीं की गई। पैसे मांगे जाने पर पैसा नहीं दिया गया। भाड़ा की मांग की गई लेकिन भाड़ा भी नहीं दिया गया। इसके साथ ही तीन मा की मजदूरी भी नहीं दी गई। जिसके बाद सिर्फ हम लोगों को आश्वासन मिल रहा था कि आप लोगों को घर भेज दिया जाएगा। लेकिन घर भेजने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। जिसके बाद हम सभी लोगों ने अपने घरों से मोबाइल के माध्यम से पैसा मांगा कर वापस आने को मजबूर हुए और इसी क्रम में आज अपने गांव लौट गए। वही मजदूरों ने यह भी बताया कि उक्त प्रोजेक्ट में वे लोग रात के समय में काम कर रहे थे। जिसके बाद उनका शिफ्ट सुबह खत्म हुई। इसके बाद अनुज के साथ अन्य आठ लोग अंदर टनल में काम करने गए। पानी का रिसाव उक्त टनल प्रोजेक्ट के काम में हो रहा था। हम लोग एक किलोमीटर दूर ही निकले थे। इसी क्रम में पता चला की टनल का आगे का भाग धस गया है

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के बीर केरा मोड़ के समीप कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। सिसई अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान सिसई थाना क्षेत्र के रेड़वा गांव निवासी अनिल साहू के इंजीनियर पुत्र 22 वर्षीय शिवम कुमार साहू के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल से एक क्षतिग्रस्त स्विफ्ट कार व एक बाइक को जप्त किया है। वाहनों की हालत ऐसी थी कि उसे क्रेन व हाइवा की मदद से पुलिस को थाना ले जाना पड़ा। शिवम के इस आकस्मिक मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना रविवार की दोपहर को नेशनल हाइवे बाइपास में बिरकेरा मोड़ के पास घटी है। जानकारी के अनुसार शिवम साहू अपने बाइक से सिसई की ओर से आ रहा था। बिरकेरा मोड़ के पास वह बाइक को डिवाइडर में चढ़ाकर रेड़वा की ओर मोड़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार के चालक ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि दोनो वाहन के परखच्चे उड़ गए। कार की टक्कर से शिवम घायल हो गया। घटना के बाद कार में सवार सभी लोग कार को छोड़कर फरार हो गये। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर शिवम को सिसई रेफरल अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लोगों से 1.60 लाख की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** करमटोली में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लोगों से एक लाख 60 हजार रुपये ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में रविवार की अपराह्न 4 बजे भुक्तभोगी करमटोली सरहुल नगर निवासी बेला किंडो ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी किये जाने के मामले में गुमला थाना में आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि मेरे साथ मेरे अगल-बगल के पांच लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर चैनपुर हरा टोली निवासी चंद्रदीप तुर्री ने ठगी किया है। जिसमें बेला किंडो से 70 हजार, प्रतिमा किंडो से 20 हजार, राधा देवी से 10 हजार, सरस्वती देवी से 10 हजार, सुशीला उरांव से 20 हजार व सतीश कुमार भगत से 30 हजार रुपये ठगी किया गया है। आवेदन में कहा गया है कि चंद्रदीप मेरे घर में किराये में रहता था और अपने को कृषि विभाग का कर्मचारी बताता था।उसने हम लोगों को बताया कि अनुबंध का बहाली निकला है आप लोगों को कुछ पैसा देना होगा और आप लोगों को रोजगार मिल जायेगा। जिसके बाद हमलोग उसके झांसे में आकर पैसा दे दिए।जिसके बाद से आरोपी टालमटोल करने लगा। इस संबंध में उन्होंने मामले की जांच कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# रसोइया संयोजिका संघ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखण्ड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका संघ का बैठक घाघरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की। बैठक मे राँची मे होने वाले धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर बैठक हुई।बैठक मे सभी रसोईया संयोजिका अध्यक्ष को राँची कुटटे मैदान दस बजे तक पहुँचना की बात कही गई। और उस दिन मध्याह्न भोजन कोई भी रसोईया को नही बनाना है। सभी को राँची जाना है। जिला भर के सभी स्कूल के प्रधानाध्यापको से देवकी देवी ने अनुरोध किया की उस दिन सभी बच्चो को टिपन लाने के लिए बोल दिया जाए हम गरीब रसोईया संयोजिका को सहयोग करेगे तो हम सरकार से अपनी मांग के लिए अवाज उठाने जा पाएगे।बैठक मे समिल प्रखंड अध्यक्ष संधया देवी प्रमिला देवी, बिरसमुनी देवी, रोजनदेवी, रामी देवी, सारो किनडो सहित कई लोग शामिल थे।

# वाटरशेड यात्रा को डीसी ने किया रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रविवार को परिसदन गुमला से वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ जिले के उपायुक्त गुमला एवं उप विकास आयुक्त गुमला ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस यात्रा का आयोजन प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 के द्वारा प्रखण्ड जारी एवं विशुनपुर के 25 गवों में किया जा रहा है। जारी प्रखण्ड के सीसीकरम टोली एवं सिकरी पंचायत के 13 एवं विशुनपुर के तीन पंचयत विशुनपुर, सिकरी एवं बनारी के 14 गांवों मे प्रचार गाड़ी के माध्यम से लोगों को जल की उपयोगिता एवं संरक्षण जागरूक किया जायेगा। अंतिम 4 मार्च को विशुनपुर के चिंगरी गाँव मे आयोजित मुख्य आयोजन हेतु कृषि, मत्स्य, पशुपालन, हॉर्टिकल्चर एवं कृषि विज्ञान केंद्र सहित गैर सरकारी संगठन स्टाल लगाकर लोगों को सरकारी योजना की जानकारी प्रदान करेंगे। वाट शेड यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जारी एवं विशुनपुर के सभी पंचायत मुखिया को आमंत्रित किया गया है ।

उपायुक्त गुमला ने बताया की इस कार्यक्रम से लोगों मे जल संचय से किसानों सहित सभी को लंबे समय तक लाभ मिलेगा । यात्रा शुभारंभ के दौरान भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष प्रताप, जलछजन के जिला तकनीक विशेषज्ञ जुनूल समद, कृषि विशेषज्ञ अटल बिहारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# टाटा मैजिक ने एक को मारी टक्कर, घायल




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोलवीर गांव में ऑटो में चढ़ने के क्रम में ढोल बिर निवासी 45 वर्षीय पंचू गोप को एक टाटा मैजिक वाहन पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में व्यक्ति का एक पैर टूट गया। जबकि उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट ले जाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पंचू अपनी पत्नी और बेटी के साथ कोयंजारा बरटोली गांव बहन के घर गृह प्रवेश कार्यक्रम में भाग लेने जा रहा था। सड़क पर ऑटो में चढ़ने के क्रम में एक वाहन उसे जोरदार टक्कर मार दिया। वाहन बसिया की ओर से आ रहा था और पालकोट की ओर फरार हो गया। पंचू की पत्नी ने बताया ऑटो में हम लोग मां बेटी चढ़ गये थे पंचू चढ़ने ही वाला था कि वाहन उसे टक्कर मार कर पालकोट की ओर फरार हो गया।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव ने बंधु तिर्की की मांग का किया समर्थन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के उस मांग का समर्थन किया है। जिसमें तिर्की ने सरकार से विभिन्न कार्यालय और बोर्ड में चतुर्थवर्गीय पदों पर कर्मचारियों व श्रमिकों की सीधी और पूर्ण नियुक्ति के अलावे आउटसोर्स से उपलब्ध कराए गए अनुबंधित कर्मियों को नियमित करने की मांग की है। रमेश कुमार ने कहा कि आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को उनके परिश्रम का पूरा पैसा नहीं मिलता है। साथ ही मनमाने तरीके से उनका शोषण कर काम लिया जाता है, जो सरासर गलत है। वहीं स्थानीय को चतुर्थवर्गीय पद पर सीधी नियुक्ति होनी चाहिए।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# सूड़ी समाज का होली मिलन 12 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सूड़ी समाज गुमला की कार्यसमिति की बैठक रविवार को बस स्टैंड स्थित सूंडी धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में पिछले बैठकों की संपुष्टि और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को सूंडी समाज का होली मिलन, समाज के धर्मशाला में संध्या 04 बजे से मनाया जायेगा। जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू ने समाज के सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए होली मिलन के कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है। आगे उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकजुटता आती है। समय-समय पर समाज को एक मंच पर अपनी एकता का परिचय जरूर देना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय व्यंजनों, गीत संगीत और अबीर गुलाल का आनंद समाज के लोग लेंगे साथ ही आगामी 1 अप्रैल को सरहुल के पावन अवसर पर होटल विदेश के समीप सूड़ी समाज पानी और शर्बत का स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत और अभिनंदन करेगी। इसकी जानकारी जिला सचिव संदीप कुमार ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, रविंद्र नाथ साहू, महावीर साहू, नंदकिशोर प्रसाद, पंचू साहू, मिथिलेश प्रसाद, ऋतुराज गुलशन, सुधीर कुमार, वरुण कुमार, बसंत साहू , नितेश कुमार, किस्टो साहू उपस्थित थे।

# सरना प्रार्थना सभा समारोह का समापन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुगाव ग्राम के स्कूल मैदान में सरना प्रार्थना सभा समारोह का समापन किया गया। इस क्रम में कार्यक्रम की शुरूआत पहान पूजार द्वारा प्रार्थना व पूजन पाठ के साथ किया गया। वहीं पारंपारिक वेशभूषा में सुशोभित होकर लोग पूजन पाठ में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला सरना प्रार्थना सभा के चंद्रदेव उरांव ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति सभ्यता और परंपरा को संभाल के रखने की जरूरत है। आगे बढ़ाने की जरूरत है। वहीं पंचायत समिति सदस्य सरवन उरांव ने कहा कि पूर्वजों द्वारा दी गई धरोहर को हम सभी को संजोग के रखने की जरूरत है। हम सभी प्राकृतिक के पूजक है। प्राकृतिक की रक्षा करना हम सभी का दायित्व और कर्तव्य है। आदिवासी समाज की संस्कृति परंपरा को अब देश विदेश में लोग अध्ययन कर रहे हैं। सरना प्रार्थना सभा प्रखंड कमेटी घाघरा के शंकर उरांव ने कहा कि समाज को एकजुट संगठित करने की जरूरत है। नशापान से लोगो को दूर रहने की जरूरत है। मौके पर रेशु पहान, विलियम कुजूर, भीखा उरांव, सहदेव भगत, सोहन उरांव, अमृत उरांव सहित कई उपस्थित थे।

# मृतक के परिजन से मिले पीएलवी




**गुमला (आजाद सिपाही)।** अखबार में मामला छापने के बाद जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सचिव डालसा को घटना की जानकारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिस क्रम में सचिव के निर्देश पर पीएलवीयों ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। चैनपुर थाना के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत ग्राम टीनटांगर बसाईर टोली में मृतक अजित रौतिया के घर पीएलबी आरिफ अंसारी, दीपक कुमार और विष्णु रौतिया पहुंचे तथा उनके परिजनों से मिलकर उनके घर की स्थिति जाना उन्होंने बताया कि मृतक अजीत रतिया खेतीबाड़ी कर अपना परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार का राशन कार्ड बना हुआ है जिसमें राशन मिलता है। मृतक के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है, पत्नी जेल में है तथा उनके तीन बच्चे एक नौवीं क्लास एवं दूसरी छठी क्लास में पढ़ता है तथा तीसरा दूसरी कक्षा में पढ़ाई करते हैं। डालसा सचिव ने बताया कि मृतक व्यक्ति के परिजनों को कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करा दिया जायेगा तथा मुआवजा के लिए भी कार्यवाही जल्द ही शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को जिला प्रशासन के सहयोग से स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा जायेगा ताकि उनका पढ़ाई बाधित न हो।

## स्पोर्ट्स



फाइनल का प्लेयर आफ मैच मेसरा का टोनी बना। विजेता टीम मेसरा को 35 हजार नकद एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम सिमलिया को 25 हजार नकद और ट्रॉफी प्रदान किया गया।

# चार दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट : सिमलिया को हरा मेसरा ने जीता खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में शनिवार की देर रात खेले गये चार दिवसीय अनगड़ा नाइट कैनवास बाल क्रिकेट टुनार्मेंट का खिताब मेसरा ने जीता लिया। टूर्नामेंट का आयोजन ब्लू स्टार क्लब अनगड़ा ने किया। रात दो बजे खेले गये खिताबी मुकाबले में मेसरा ने सिमलिया को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमलिया की टीम 10 ओवर में 50 रन ही बना सकी। जवाबी पारी में मेसरा ने दो विकेट पर लक्ष्य को चार ओवर में ही प्राप्त कर लिया। इससे पूर्व खेले गये सेमीफाइनल मैच में मेसरा ने चुटटू को व सिमलिया ने अनगड़ा की टीम को हराया था। अनगड़ा के स्टार खिलाड़ी उमेश महतो को प्लेयर आफ टूर्नामेंट का पुरस्कार माही मोबाइल जोन गोंदलीपोखर की ओर से दिया गया। फाइनल का प्लेयर आफ मैच मेसरा का टोनी बना। विजेता टीम मेसरा को 35 हजार नकद एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम सिमलिया को 25 हजार नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गयी। फाइनल समारोह के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक विधायक कच्छप, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, अनगड़ा बीडीओ जयपाल सोय, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व मुखिया मधुसूदन मुंडा, गेतलसूद उपमुखिया शंकर बैठा, पंकज तिर्की एवं अगमलाल महतो, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, साकीर अंसारी, छोटेलाल महतो थे।

इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अनगड़ा में नाइट क्रिकेट टुनार्मेंट का आयोजन युवाओं के बीच कैनवास बाल क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है।

इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट कराया जाना चुनौती एवं उपलब्धि दोनों है। चुनौती के लिए आयोजन समिति को बधाई। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष उमेश महतो, सचिव आशीष मिश्रा, कोषाध्यक्ष उमेश करमाली, संरक्षक पूर्व मुखिया मधूसदन मुंडा, पूर्व पंसस अघनू महतो, समाजसेवी संजीव सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अरविंद कुमार, रामानंद सिंह, मुन्ना मुंडा, सत्येन्द्र कुमार उर्फ पल्लू, पंसस रोशनी कुमारी, खेल प्रभारी कृष्णा मुंडा, अरमान अंसारी सहित अनिल कुमार, कुनेश करमाली, कैलाश उरांव, अनिकेत कुमार, श्रीनाथ मुंडा, अक्षय आनंद, जयनाथ मुंडा, राजकुमार मुंडा, आशीष मुंडा, बबलू पाहन, कैलाश उरांव, प्रदीप महतो, सोनू साहू, बबलू पाहन, संतोष राम, रोहित श्रीवास्तव, प्रतीक सिंह, अभिषेक कुमार भगत, दिनेश मुंडा, तिवारी भोगता, रंजीत साहू का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# ड्यूटी पर तैनात सीआइएसएफ जवान ने खुद को गोली मारी, हालत गंभीर

## विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के जे पैच में थी ड्यूटी, सीआइएसएफ ने भी शुरू की जांच

- तेलंगाना का रहने वाला है जवान, कुछ दिनों से था परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के धनसार थाना अंतर्गत बीसीसीएल की विश्वकर्मा प्रोजेक्ट जे पैच कैंप में तैनात सीआइएसएफ जवान द्वारा आत्महत्या करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद प्रोजेक्ट में ड्यूटी पर तैनात अन्य सीआइएसएफ जवान और कर्मी मौके पर पहुंचे एवं आनन-फानन में घायल जवान को जोड़ाफाटक स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम ले गये। वहां से डॉक्टर ने अशर्फी अस्पताल रेफर कर दिया है, लेकिन यहां के डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया है। धनसार सीआइएसएफ इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि जवान एसके राव की विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के जे पैच में शनिवार को रात नौ बजे से रविवार की सुबह पांच बजे तक ड्यूटी थी। वह रात करीब नौ बजे अपनी ड्यूटी के लिए कैंप से निकला ही था, तभी उसने आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि साथी जवानों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया। इसकी सूचना पाकर वे भी मौके पर पहुंचे। इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि जवान एसके राव कुछ दिनों से परेशान चल रहा है। संभवतः पारिवारिक कारणों से वह गुमशुम चल रहा है। हालांकि आत्महत्या करने की कोशिश के सटिक कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस की मानें तो एसके राव तेलंगाना का रहने वाला है। देर रात उसे अशर्फी अस्पताल से दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, इस पूरे मामले की जानकारी को लेकर धनबाद सीआइएसएफ ब्रांच की ओर से कहा गया कि जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। सीआइएसएफ जवान ने गोली खुद मारी है या फिर कोई और वजह है। फिलहाल सीआईएसएफ की टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


सीआइएसएफ जवान को गोली लगने के बाद अस्पताल में चल रहा इलाज।

# जल्द होगा पिछरी जलमीनार का जीर्णोद्धारः योगेंद्र प्रसाद

जलमिनार जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को लेकर मंत्री से मिले झामुमो नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी में ग्रामीण जलापूर्ति जलमिनार का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं पेयजल की समस्या को लेकर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष घुनू हांसदा और मीडिया प्रभारी बिक्की महतो ने मुरुबंदा आवास में जाकर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से मुलाकात की। समस्याओं को लेकर उन्हें लिखित आवेदन भी सौंपा। पत्र के माध्यम से बताया कि झारखंड सरकार की ओर से वर्ष 2004 में पिछरी पंचायत में ग्रामीण जलापूर्ति योजना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा दो लाख 50 हजार लीटर की क्षमता का जलमिनर बनाया गया था। जिसमें पिछरी उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायत के लगभग 5 से 7000 लोग आश्रित है। अभी जल मीनार की स्थिति बहुत ही जर्जर हो चुकी है जिसकी मरम्मती की आवश्यकता है। इस जर्जर जल मीनार का जल्द से जल्द जीर्णोद्धार करवायें। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि जल्द ही जलमिनार का जीर्णोद्धार करवाकर पेयजल समस्या से निजात दिलाएंगे।



# सहोदया स्टोरमर्स को 27 रनों से हरा कर सहोदया फाल्कंस ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

सीबीएसई स्कूल के प्राचार्यो के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स धनबाद चैप्टर की ओर से रविवार को अपने सदस्यों के लिए क्रिकेट मैच (ऊर्जा कप) का आयोजन नावाडीह स्थित सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। बतातें चलें कि धनबाद सहोदया की ओर से इस तरह का आयोजन विगत पांच वर्षों से किया जा रहा है। इस बीच दो टीम, सहोदया स्टोरमर्स और सहोदया फाल्कनस के बीच मुकाबला हुआ। सहोदया स्टोरमर्स टीम के कप्तान डीएवी स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव एवं उप कप्तान बड्स गार्डेन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया थे। जबकि फाल्कन्स के कप्तान द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी के प्राचार्य मदन कुमार सिंह एवं उप कप्तान स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा के प्राचार्य संजीव कुमार साव थे। टॉस जीत कर टीम स्टोरमर्स के उपकप्तान प्रमोद चौरसिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए टीम फाल्कन्स ने 178 रन बनाए। जवाब में स्टोरमर्स की टीम 151 रन ही बना सकी। इसस तरह सहोदया फाल्कन्स ने 27 रन से मैच जीत लिया। फाल्कन्स टीम की ओर से जीजीपीएस स्कूल के प्राचार्य सुदीप कुमार ठाकुर के सर्वाधिक 82 रन बनाया और बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार जीता। वहीं, डीएवी लोदना के प्राचार्य एसके मोदक ने बेहतरीन गेंदबाजी की और उन्हें बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। प्राचार्यो, निदेशकों के बीच हुए इस मैत्री मैच को सब ने सराहा और इस तरह के आयोजन के लिए सहोदया धनबाद का धन्यवाद दिया। बड्स गार्डेन स्कूल राजगंज, आईएसएल झरिया, सेंट जेवियर इंटरनेशनल, मॉन्टफोर्ट एकेडमी, झारखंड पब्लिक स्कूल, पेमिया ऋषिकेश, संस्कार ज्ञानपीठ, डीएवी सिंदरी, चासनाला एकेडमी, जीतपुर एके-डमी, सर्वमंगला पब्लिक स्कूल समेत 24 विद्यालयों के प्राचार्य-निदेशक मौजूद थे। वहीं, सहोदया धनबाद की चेयरपर्सन सरिता सिन्हा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। मौके पर सहोदया धनबाद की सचिव रूना दूबे, किड्स गार्डन झरिया की प्राचार्या स्नेहलता एवं आईएसएल भूली के पूर्व प्राचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे।




# झारखंड के ट्री मैन जगदीश का निधन

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के हिसीम निवासी झारखंड के ट्री मैन के नाम से मशहूर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण सुरक्षा सह संरक्षण समिति के अध्यक्ष जगदीश महतो (74) का रविवार की सुबह निधन हो गया है। इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौर गई। वे पिछले कुछ वर्षों से वो बीमार चल रहे थे। जगदीश महतो वनों की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहते थे। वनों के प्रति लगाव के कारण उन्हें ट्री मेन के नाम से भी जाना जाता है। सामाजिक हितों को सर्वोपरि समझते हुए मिलनसार और हंसमुख व्यक्तित्व के वो धनी थे। वो जिला परिषद सदस्य भी रह चुके हैं। उनके निधन पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, कसमार प्रमुख नयोती कुमारी डे, उपप्रमुख संजू कुमारी आदि ने शोक प्रकट किया है।

# किसी भी समाज के उत्थान के लिए लोगों का एकजुट और शिक्षित होना बहुत जरूरीः रागिनी

धारी विकाश मंच के सम्मान समारोह में पहुंची विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** धारी समाज के लोगों के उत्थान के लिए रविवार को अखिल भारतीय धारी विकास मंच की ओर से जियलगोरा अतिथि गृह में प्रतिभा सम्मान एवं वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार धारी ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। समारोह में समाज और परिवार के उत्थान में उल्लेखनीय कार्य करनेवाले लोगों और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को विधायक रागिनी सिंहने सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए समाज के लोगों का एकजुट होना और शिक्षित होना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़े समाज के विकाश के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने समाज के विकाश के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं, मंच के अध्यक्ष विजय धारी ने कहा कि शैक्षणिक अभाव में समाज काफी पिछड़ा हुआ था। मंच का प्रयास है कि समाज के लोगों को बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलकर शिक्षित-संगठित होने और अधिकार पाने के लिए संघर्ष करने को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मंच के जागरूकता अभियान से समाज के बच्चे आज शैक्षणिक योग्यता में अग्रसर है। जिसे समारोह में सम्मानित कर समाज के अन्य लोगों को शैक्षणिक होने को प्रेरित किया जाता है। मंच की ओर से जल्द ही समाज में दहेज मुक्त विवाह स्थापित करने को अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।



# बकरा चोरी करने की कोशिश लोगों ने पकड़ा, तो किया पथराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात तीन बजे तीन युवकों ने करीब 60 हजार रुपये मूल्य के बकरा चोरी कर भागने की कोशिश की। पर धनसार कैंटीन के पास मौजूद लोगों ने आधी रात को तीन युवकों को बाइक पर ले जा रहे बकरे के साथ देखा तो उन्हें संदेह हुआ। लोगों ने तीनों लड़कों को रूकने को कहा तो वे बाइक और बकरा छोड़कर वहां से भागने लगे। हालांकि लोगों ने तीनों को पकड़ने की कोशिश की, तो उन लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। बाद में पता चला कि उक्त बकरा बाबर नामक व्यक्ति का है, जो मटकुरिया का ही रहने वाला है। उधर, बाबर ने रविवार को बैंकमोड़ थाना में बकरा चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी। इस बीच बैंकमोड़ पुलिस को धनसार में बकरा बरामद होने की सूचना मिली तो बाबर को लेकर धनसार पहुंच गये और उसे उसका बकरा दिलवा दिया। दूसरी ओर, लोगों की मानें तो वे देर रात को जाग रहे थे। तभी तीन युवकों को बाइक पर संदिग्ध तरीके से बोरे में बंद कर कुछ ले जाते हुए देखा। बाइक सवार धनसार चानक की ओर जा रहे थे। लोगों ने जब तीनों को रोक कर पूछताछ शुरू की तो उन लोगों ने बताया कि बोरे में मरा हुआ बछड़ा है। जब लोगों ने बोरा खोल कर दिखाने को कहा, तो वे बाइक से उतरे और बकरा और बाइक वहीं छोड़ कर भाग खड़े हुए। लोगों ने जब उनका पीछा किया तो वे उन लोगों पर पथराव करने लगे, जिससे दो लोग सामान्य रुप से चोटिल भी हो गये। इसके बाद वे लोग वहीं रुक गये। वहीं, तीनों युवक अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि चोरों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# महिला मरीज की मौत के बाद हंगामा आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित निजी नर्सिंग होम में महिला मरीज की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल पर कार्रवाई की मांग को लेकर गोविंदपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार मुर्गाबनी निवासी मजीद अंसारी की पत्नी नसीमा खातून की मौत रांची के रिम्स अस्पताल में हो गई। दो जनवरी को गर्भवती नसीमा खातून को लक्ष्मी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन से महिला ने दो जुड़वां बच्चे को जन्म दिया था। हालांकि ऑपरेशन के बाद नसीमा की स्थिति बिगड़ने पर रिम्स अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इसके बाद शव को लेकर परिजन लक्ष्मी नर्सिंग होम पहुंच गए। परिजनों और ग्रामिणों का गुस्सा अस्पताल प्रबंधन पर दिखा। लोगों ने ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप लगातचे हुए जमकर हंगामा किया। उधर, हंगामे की जानकारी पाकर मौके पर गोविंदपुर थाना प्रभारी मों रुस्तम दलबल के साथ पहुंच गये और लोगों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया।



# बोकारो को हराकर एलआइसी धनबाद शाखा एक बनी विजेता

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) धनबाद शाखा-एक की ओर से नवल किशोर सिंह की ओर से प्रायोजित अंतशार्खा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सिंफर खेल मैदान में हुआ। जिसमें कुल आठ शाखाओं की टीम ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य प्रायोजक नवल किशोर सिंह (एक दिन पहले ही सेवा निवृत हुए) के अलावा सह प्रायोजक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एलआईसी शाखा एक द्वारा ट्रॉफी और सीए ऋषभ सिन्हा एंड कंपनी की ओर से टीम जर्सी की आपूर्ति की गई। बीमा कर्मियों ने खेल अभ्यास के अभाव के बावजूद रनों की झड़ी लगा दी। फाइनल मुकाबला धनबाद शाखा-एक एवं टीम बोकारो के बीच खेला गया। जिसमें धनबाद शाखा-एक ने बोकारो को हराकर जीत दर्ज की। सभी खिलाडी, अम्पायर, विजेता, उप-विजेता को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।



# विश्कर्मा परियोजना में रंगदारी एवं वर्चस्व को लेकर मारपीट

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या छह के विश्कर्मा परियोजना में रंगदारी एवं वर्चस्व को लेकर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) और युवा बेरोजगार मंच के समर्थकों के बीच शनिवार की शाम परियोजना काटा घर के समीप जमकर मारपीट हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने झरिया एवं धनसार थाना में अलग-अलग लिखित शिकायत दर्ज करायी है। मारपीट मामले की जांच करने झरिया एवं धनसार पुलिस रविवार को धनसार कांटाघर पहुंची और कांटाघर जाकर कर्मियों से पूछताथ की है।

# माता-पिता की सेवा से मिलता है सारे तीर्थ के बराबर पुण्य : श्रीश्री लोकेशानंद शास्त्री

67वांनवाहन श्रीश्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ के चौथे दिन उमड़ा श्रद्धांलुओं का सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत करगली गेट में मानस सत्संग समिति बेरमो की ओर से 67वां नवाहन श्रीश्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसके चौथे दिन रविवार को श्रद्धांलुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हजारों श्रद्धांलु यज्ञ परिसर पहुंच कर परिक्रमा किये। यज्ञ के चौथे दिन भगवान श्री राम का वनवास और केवट का श्रीराम का पैर धोना आदि घटनाओं का सुंदर चित्रण संगीतमय पाठ द्वारा किया गया। बतातें चलें कि 67वां मानस महायज्ञ मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी पूज्य यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 राम बिहारी शरण जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है। बिहार के मुंगेर स्थित जमुई से पधारे श्री सदानंद मिश्रा और उनकी टीम द्वारा रामचरित मानस के पाठ कराने से करगली गेट सहित आस पास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वहीं, बैधनाथ धाम देवघर से आये परम पूज्य सदानंद पंडित मिथिलेश मोदगल्य ने रामचरितमानस का पाठ करवाया। जबकि उज्जैन से पधारे श्री श्री लोकेशानन्द शास्त्री जी ने कहा कि पैसा कमाने के चक्कर में अपने माता-पिता से दूर ना हो, बल्कि उनकी सेवा करें। माता-पिता की सेवा करने से ही सारे तीर्थ के बराबर पुण्य मिलता है। जब भगवान अपने माता-पिता का सेवा कर सकते हैं तो आप क्यों नहीं कर सकते। कहा कि भारत में केरल राज्य है जहां सबसे अधिक शिक्षित लोग हैं, लेकिन दुख की बात है की सबसे ज्यादा वृद्धा आश्रम वहीं है। ऐसी पढ़ाई लिखाई और पैसा किस काम का जब माता-पिता ही वृद्धा आश्रम में रह रहे हो। किसी के भी माता-पिता अपने बच्चे को नुकसान नहीं पहुंचते, बल्कि उनकी भलाई चाहते हैं। बच्चे जब घर से बाहर रहते हैं तो माता-पिता उनके इंतजार में व्याकुल रहते हैं। यज्ञ के स्वागतध्यक्ष मनोज सिंह, सुशील सिंह, नितेश सिंह, अर्चना सिंह और निरंजन सिंह उर्फ रंजू ने बताया कि यह मानस महायज्ञ मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी राम बिहारी शरण कि अध्यक्षता में 67वॉ वर्ष महायज्ञ किया जा रहा है। यह यज्ञ सात मार्च तक चलेगा। इसके सफल संचालन में जयप्रकाश सिंह, गजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रशांत सिंह, वीरेंद्र सिंह, शशिकांत सिंह, जितेंद्र सिंह महावीर महतो, उत्तम साव, बिरेंद्र महतो, उमाशंकर महतो सहित पूरे बेरमो के प्रबुद्ध लोगों का मुख्य योगदान रहा।



# मचान पर रखे पुआल के ढेर में लगी आग

**गोमिया/चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के हुरलुंग पंचायत के जरिया गांव में आग लगने से मचान पर रखा पुआल जलकर राख हो गया। घटना रविवार की दोपहर की है। इससे जरिया गांव निवासी भादो महतो को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि आग कैसे लगी इसकी कोई जानकारी स्पष्ट नहीं है। जानकारी के अनुसार, पशुओं को चारा खिलाने के उद्देश्य से पुआल को अपने घर के समीप खलिहान के मचान पर रखे थे। अचानक आग की लपटें उठने लगी। तब शोर शुरू हुआ, जिसे सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गये। ग्रामीण जब आग बुझाने में असफल होने लगे तो इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई। पर दमकल समय पर नही पंहुच सका।

# अधेड़ महिला के साथ पड़ोसी युवक ने किया दुष्कर्म, भाजपा महिला मोर्चा का थाने में हंगामा

## पुलिस पर मामले को लेकर ढुलमुल रवैया अपनाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददादा

**धनबाद।** जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र में पड़ोसस के रहने वाले युवक द्वारा अधेड़ महिला के साथ विगत दिनों दुष्कर्म की घंटना को अंजाम दिया गया। आरोपित की पहचान शेर उर्फ शेरू खान के रूप में हुई है। हालांकि घटना के बाद से वह फरार है। उधर, उक्त घटना की जानकारी होने पर रविवार को भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष दीपा दास ने पीड़ित के घर पहुंच कर उससे मुलाकात की। इस दौरान पीड़िता ने पूरी आपबीती बताई। इसके बाद दीपा दास पीड़िता को लेकर चिरकुंडा थाना पहुंच गई। चिरकुंडा थाना प्रभारी से सही तरीके से कार्रवाई करने बारे में जानकारी नहीं देने पर थाना के बाहर ही महिला मोर्चा ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इसके बाद थोड़ी देर के लिए थाना परिसर में गहमा गहमी का माहौल बन गया। उसके बाद थाना प्रभारी ने सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसी बीच घटना को अंजाम देने वाले शेर खान पर एक और व्यक्ति ने 15 दिनों पहले उसके खिलाफ चिरकुंडा थाना में छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। उस में पुलिस अभी तक कुछ कार्रवाई नहीं की है।



## 'कॉपी-चेकिंग' के बहाने निरीक्षक ने यौन उत्पीड़न किया

# प्लस टू की छात्रा ने की आत्महत्या

- पट्टामुंडई ग्रामीण थाना में मां दर्ज करायी शिकायत




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के केंद्रपाड़ा जिले में एक प्लस टू की छात्रा ने परीक्षा केंद्र पर निरीक्षक द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किये जाने के बाद आत्महत्या कर ली। लड़की की मां के अनुसार छात्रा 24 फरवरी को पट्टामुंडई कॉलेज में प्लस टू कॉमर्स की परीक्षा देने गयी थी। कॉलेज से लौटने के बाद लड़की ने अपनी मां को बताया कि कॉमन रूम में 'कॉपी-चेकिंग' सत्र के बहाने एक निरीक्षक ने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। उसने आगे दावा किया कि प्लस टू की छात्रा ने 24 फरवरी को जब वे किसी काम से बाहर गये थे, तब उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

यह मामला तब प्रकाश में आया, जब लड़की की मां ने एक मार्च को पट्टामुंडई ग्रामीण थाना में औपचारिक शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के आधार पर आइआइसी धीरज लेंका के नेतृत्व में पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने कथित तौर पर पट्टामुंडई कॉलेज का भी दौरा किया और पट्टामुंडई कॉलेज के निरीक्षक के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की सच्चाई का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की।

इस बीच, पट्टामुंडई कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप कुमार भुयान ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि वे जांच में पुलिस के साथ सहयोग कर रहे हैं और कॉलेज परिसर के सीसीटीवी कैमरों की जांच के दौरान आरोपों के अनुसार कुछ भी नहीं मिला। हालांकि मामले की जांच चल रही है और आरोपों की वास्तविकता जांच पूरी होने के बाद ही पता चलेगी।

## अवैध रेत खनन रैकेट का भंडाफोड़

# खनन अधिकारियों ने 22 ट्रकों को किया जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शनिवार रात भद्रक से बालासोर जा रहे करीब 22 रेत से लदे ट्रकों को जब्त किया गया। अवैध रेत खनन रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए एक संयुक्त अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार, भद्रक से बालासोर तक अवैध रेत खनन किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर सोरो तहसील और बालासोर खनन अधिकारियों ने छापामारी कर रेत से लदे 22 ट्रकों को जब्त किया। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर मयूर सूर्यवंशी के निर्देशन में की गयी।

रविवार को तड़के करीब तीन बजे छापेमारी की गयी। अधिकारियों ने वाहनों का पीछा किया और उनमें से 22 को पकड़ लिया। अन्य ट्रकों को जब्त करने के प्रयास जारी हैं। ट्रक बैतरिणी नदी से रेत लेकर बालासोर जिले और पश्चिम बंगाल जा रहे थे।

## तालाब में डूबने से इंजीनियरिंग छात्र की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के ढेंकनाल जिले में रविवार को एक तालाब में डूबने से प्लस टू इंजीनियरिंग के एक छात्र की मौत हो गयी। क्योंझर निवासी प्रीतिप्रभु पटनायक ढेंकनाल के गोविंदपुर स्थित निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। पटनायक नहाने के लिए पास के तालाब में गया था, क्योंकि कॉलेज के छात्रावास में पानी नहीं था। नहाते समय पैर फिसला और वह गहरे पानी में डूब गया।

## बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्र के लिए अंडे की कीमत बढ़ायी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आंगनवाड़ी केंद्र को मिलने वाले अंडे की कीमत बढ़ायी गयी है। बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अंडे की कीमत 5 रुपये से बढ़ा कर 7 रुपये करने का फैसला किया है। इसके लिए उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस संबंध में परिडा ने बताया कि राज्य सरकार प्रति वर्ष 175.14 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में बाजार में अंडे की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। बढ़ती कीमतों के कारण आंगनवाड़ी केंद्रों को अंडे उपलब्ध कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। अंडे के दाम बढ़ाने की मांग हो रहा था। इसे देखते हुए सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए अंडे की कीमत बढ़ा दी है।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

# पाटणा में बनेगा मेगा स्टील प्लांट: मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** क्योंझर पाटणा में मेगा स्टील प्लांट बनेगा। जेएसडब्ल्यू और पॉस्को 30,000 से 40,000 करोड़ रुपये की लागत से स्टील प्लांट बनायेंगे। इसके लिए राज्य सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने रविवार को इसकी घोषणा की।

मुख्यमंत्री माझी रविवार को अपने पैतृक निवास क्योंझर आये। उन्होंने चंपुआ चंद्रशेखर कॉलेज के वार्षिक समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि चंपुआ चंद्रशेखर कॉलेज को एक स्वायत्त कॉलेज में बदला जायेगा। उन्होंने कॉलेज के लिए 4 करोड़ रुपये का अनुदान देने की भी घोषणा की।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को मयूरभंज का दौरा किया। उन्होंने वहां मेगा प्रोजेक्ट का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री रविवार को अपने पैतृक गांव क्योंझर लौट आये और पाटणा वासियों को खुशखबरी दी।

## सुभद्रा योजना की 3 किस्तें एक साथ पाने के लिए 31 मार्च तक करायें रजिस्ट्रेशन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने बताया कि सुभद्रा योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 होगी। पहले चरण की पांचवीं किस्त छह मार्च को बैंक खातों में जमा की जायेगी। एक बड़े कदम के तहत उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने बताया कि पात्र लाभार्थी 31 मार्च तक सुभद्रा योजना नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्हें रक्षाबंधन पर एक साथ तीनों किस्तें प्राप्त होंगी। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सुभद्रा का जादुई आंकड़ा एक करोड़ रुपये को पार कर जायेगा। अब तक हमने 98 लाख रुपये वितरित किये हैं। उन्होंने जमीनी स्तर से लेकर धन वितरण प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने जिला कलेक्टरों, सुभद्रा टीम, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और बैंक मित्रों को उनके समय पर काम करने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा सरकार की यह प्रमुख योजना, जिसे केवल आठ महीने पहले शुरू किया गया था, ने एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि हमने पहले ही 98 लाख रुपये वितरित कर दिये हैं और पहले चरण की पांचवीं किस्त छह मार्च को वितरित की जायेगी। छह मार्च को लगभग 1 लाख 70 हजार महिलाओं को प्रथम चरण की राशि वितरित की जायेगी। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दूसरे चरण की राशि वितरित की जायेगी।

# भुवनेश्वर में कार घर में घुसी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रविवार को भुवनेश्वर में एक शराबी ने अपनी कार एक घर में घुसा दी। यह घटना भुवनेश्वर के सौभाग्य नगर में हुई। यह घटना सुबह करीब 4.30 बजे हुई जब एक शराबी ने अपनी कार एक घर में घुसा दी। सौभाग्य नगर के वैभव एस्टेट में स्थित एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के कार्यालय में फोर्ड कार घुस गयी। वाहन में चार लोग मौजूद थे। भुवनेश्वर में हुई यह दुर्घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। दुर्घटना के बाद इमारत का गेट और दीवार क्षतिग्रस्त हो गयी। इन युवकों का पहले भी इस तरह की दुर्घटनाएं करने का रिकॉर्ड रहा है। युवकों ने स्थानीय लोगों से बहस भी की और अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शराबी युवकों को हिरासत में ले लिया।

## मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ की याचिका नजरअंदाज

# 48 सरकारी कर्मचारियों का वेतन बंद करने का आदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक जिले के कुछ विभागीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री लोक शिकायत सुनवाई में सार्वजनिक सुनवाई की शिकायतों को नजरअंदाज किया है। मुख्यमंत्री की जनसुनवाई में कटक जिले के कुछ विभागीय अधिकारियों ने जनसुनवाई को नजरअंदाज किया है। उन सभी विभागों के अधिकारियों का वेतन रोकने के लिए कटक जिलापाल दत्तात्रेय भाओ साहे सिंदे के कार्यालय से जिला ट्रेजरी अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है। जिलापाल कार्यालय से उस अधिकारी के वेतन को रोकने के लिए एक नोटिस जारी किया गया है, जिसने पत्र संख्या 378 शिकायत दिनांक 07/02/2025, पत्र संख्या 488 शिकायत दिनांक 20/02/2025, पत्र संख्या 522 शिकायत दिनांक 25/02/2025 में नोटिस देकर शिकायत में चूक की है। बीडीओ महांगा, बीडीओ निश्चिंतकोइली बीडीओ, टांगी चौद्वार बीडीओ, कटक सदर बीडीओ, आठगड़ बीडीओ, बांकी बीडीओ, बडंबा बीडीओ, तिगिरीया बीडीओ, तहसीलदार समेत कटक ज़िलापाल कार्यालय ने जिले के विभिन्न विभागों के कई अधिकारियों के साथ शिकायत उल्लंघन के लिए विभागीय अधिकारियों के वेतन को रोकने के लिए एक नोटिस जारी किया है।

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें ।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

हिन्दी दैनिक
आजाद सिपाही
CLASSIFIED
Classified

SHUBARAMBH EVENTS
Holi Dhamaal
LIVE BAND & DJ | COMPLIMENTARY THANDAI | UNLIMITED COLOUR | RAIN DANCE | GAMES
FOOD STALLS | MOCKTAILS
LIMITED OFFER
8th March | 10:00 AM Onwards
STAG 499/- GROUP 1999/- COUPLE 999/-
Venue : Swastik Marriage Hall
Anchal Office Road, No.- 7, Near Hehal Ganga Nagar, Pathartoli, Ranchi
FOR BOOKINGS +91 8340773711

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
BIS 916
100% हॉलमार्क सोने की विशाल रेंज
CERTIFIED GEMS
पन्ना मूंगा माणिक्य नीलम मोती पुखराज डायमंड लहसुनीया गोमेद
विशेषताएं:
• 100% प्रमाणित रत्न • Original Bill
• 80% से 90% बैक (शुद्ध रत्नों में)
• शुद्ध रत्नों की गारंटी • पुराने रत्नों की खरीद
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
फोन : 9431184212 9334718303
जेम्स और ज्वेलरी में सबसे सस्ता, सबसे अच्छा
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

GeetAnshi
MUSTARD
Oil
... Inspire Your Heart & Health
For Good & Pure Food
Wants Sales Executive
Persons having experience in FMCG with two Wheeler.
Earn upto Rs. 30,000/- Per Month.
Contact 7004707013 / 9431369075
Lovely Inspiration Food
Near shilpa kala Kendra, Kokar Industrial Area
Ranchi -834001 (Jharkhand)

RAJU KUMAR - 8789580570
VIKARM - 8434616524
PROUD MOBILE WORLD
DEALS IN: All Type of Mobiles, Accessories & D.T.H. Recharge
Specialist in : MOBILE REPAIRING
MOBILE FINANCE
U, NEAR HANUMAN MANDIR, H.B.ROAD,KOKAR CHOWK
P.S. SADAR, RANCHI, JHARKHAND-834001

88094-29297
BAHA AQUARIUM
E-mail:bahaaqua570@gmail.com
Near Dharam Kanta Petrol Pump, H.B. Road, Ranchi (Jharkhad)

हिन्दी दैनिक
आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा
वर्गीकृत विज्ञापन के लिए संपर्क करें -
डॉ. कमलेश कुमार - 9304805749
सनोज कुमार - 7209001826
रोहित सिंह - 9304280115
कोकर चौक, राँची

# लिंगराज मंदिर में हंडी भांगा यात्रा लगातार 11वें वर्ष स्थगित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** लिंगराज मंदिर में हंडी भंग यात्रा लगातार 11वें साल भी रुकी रही। विवाद के बाद मंदिर में अनुष्ठान स्थगित कर दिये गये हैं। लिंगराज मंदिर में बिरकिशोर बल्लभ भोग के बाद अनुष्ठान रोक दिया गया है। 'खुंटिया मल्लिया' का समाधान न होने पर तनाव पैदा हो गया। लिंगराज मंदिर में यह हांडी भंग यात्रा शिव यात्रा के बाद पहले शनिवार को की जाती है। आरोप है कि यह विवाद प्रशासन की सुस्ती का नतीजा है। इस यात्रा में भगवान लिंगराज कपिलेश्वर मंदिर से वापस अपने लिंगराज मंदिर लौटते हैं। उल्लेखनीय है कि भगवान लिंगराज के कुछ अनुष्ठान भगवान कपिलेश्वर के अनुष्ठानों के साथ ही किये जाते हैं। चूंकि भगवान कपिलेश्वर का अनुष्ठान ठीक से नहीं हो सका, इसलिए भगवान लिंगराज का हांडी भंगा अनुष्ठान नहीं हो पायेगा।

## क्योंझर में कार खाई में गिरी, एक की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** क्योंझर जिले के तुरुमुंगा पुलिस सीमा के अंतर्गत देनुआ गांव में दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान 67 वर्षीय देबानंद प्रुस्ट्री के रूप में हुई है, जो पटना मुख्यालय तैनसिरा गांव के निवासी हैं। गंभीर रूप से घायल की पहचान तंगरापाड़ा के शंकरन साहू के रूप में हुई है। वे कार से जा रहे थे, तभी चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने देबानंद को मृत घोषित कर दिया।

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
CHHAAVA
Schedule For 28th Feb., 2025 onwards!
at Screen-1 (Sujata)
Chhaava : 11.00, 1.45, 4.45, 7.45
at Screen-2 (Miniplex)
Chhaava : 12.15, 3.15, 6.00
at Popkorn Cinemas
Chhaava : 11.15, 12.45, 2.15, 4.00, 5.30, 7.15, 8.15
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**